रोहतक

मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 67

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 42.1

न्यून. 18.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**आईपीएल में आज**




कोलकाता V/S लखनऊ

-: समय :- 7.30 PM

-: स्थान :- कोलकाता

# ब्लैक मंडे: शेयर बाजार में भूचाल निवेशकों के 14.09 लाख करोड़ डूबे

## सेंसेक्स 2.95%, निफ्टी 3.24%, स्मॉल कैप 4.13 और मिड कैप 3.46% गिरा

**मुंबई (भाषा)।** अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच सोमवार को भारत समेत दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट आई। वैश्विक बाजार में मंदी की आशंकाओं के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आने से निवेशकों के 14.09 लाख करोड़ रुपये डूब गए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,226.79 अंक यानी 2.95% नुकसान के साथ 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,939.68 अंक यानी 5.22% प्रतिशत तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 742.85 अंक यानी 3.24% टूटकर 22,161.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह1,160.8 अंक तक लुढ़क गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयर नुकसान में रहे। शेयर बाजार में 7 अप्रैल को साल की दूसरी बड़ी गिरावट आई। इससे पहले 4 जून 2024 को 5.74% गिरा था।

### थमी रही निवेशकों की धड़कनें

**2226.79** अंक गिरकर **73137.90** पर बंद हुआ सेंसेक्स

**744.85** अंक गिरकर **22161.60** पर बंद हुआ निफ्टी

**543** शेयरों में लगा लोअर सर्किट

**3.61%** गिरा क्रूड, 63.21 डॉलर



### रुपया 38 पैसे टूटकर 85.82 प्रति डॉलर पर

'शुल्क युद्ध' बढ़ने व वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 38 पैसे लुढ़ककर 85.82 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह रुपये में पांच सप्ताह में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। विदेशी और घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों में धन निकासी की होड़ मची थी।

### इनके शेयर सबसे ज्यादा गिरे

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 7.33% |
| लार्सन एंड टुब्रो | 5.78% |
| निफ्टी मेटल | 6.75% |
| रियल्टी | 5.69% |
| ऑटो, फार्मा | 4% |

### 775 शेयर 52 हफ्ते के निचले स्तर पर

बीएसई में 3,515 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 570 लाभ में रहे। 543 शेयरों में लोअर सर्किट लगा। 140 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। कुल 775 शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर, जबकि 59 कंपनियों के शेयर 52 सप्ताह के उच्च स्तर पर रहे।

### गिरावट के ये कारण

- ट्रम्प का रेसिप्रोकल टैरिफ
- चीन ने जवाबी 34% टैरिफ लगाया
- इकोनॉमिक स्लोडाउन की चिंता
- निवेशकों का भरोसा डगमगाया
- विदेशी निवेशकों ने की बिकवाली

### रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये महंगा

केंद्र सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफे का ऐलान किया है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये महंगा हो गया है। इस वृद्धि के साथ सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी।

- अभी दिल्ली में सिलेंडर 803 रुपये में है। दाम बढ़ने के बाद 853 रुपये में मिलेगा।
- उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के सिलेंडर की कीमत 503 से बढ़कर 553 रुपये होगी।
- आखिरी बार सरकार ने 8 मार्च 2024 को महिला दिवस पर सिलेंडर के दामों में 100 रुपये की कटौती थी।



**853** रुपये का दिल्ली में मिलेगा सिलेंडर

### एक्साइज ड्यूटी बढ़ी, महंगा नहीं होगा तेल

केंद्र ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। हालांकि, आधे घंटे बाद साफ कर दिया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। यह खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रु. लीटर व डीजल पर 15.80 रु. लीटर ड्यूटी वसूल रही है।

- इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 व डीजल पर 17.80 रुपये लीटर ड्यूटी लगेगी।
- अभीपेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा।
- आगे भी कच्चे तेल के दाम घटे रहे तो तेल के दामों में गिरावट आ सकती है।



**02** रुपये ड्यूटी बढ़ी लोगों पर बोझ नहीं

### सोना 1550 और चांदी 3000 रुपये गिरी

कमजोर वैश्विक रुख के साथ ही आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की भारी बिकवाली के चलते दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 1,550 रुपये टूटकर 91,450 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,350 रुपये टूटकर 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

- 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,550 रुपये लुढ़क कर 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।
- चांदी की कीमतें 3,000 रुपये लुढ़ककर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।
- अभीपिछले पांच सत्रों में, चांदी में 10,500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई थी।



**91,450** रुपये प्रति दस ग्राम पर सोना

# आसमान से बरसी आग पारा 42 डिग्री के पार

**अभी दो-तीन दिन तक राहत के आसार नहीं**

**10 अप्रैल के बाद बदलेगा मौसम, मिलेगी राहत**

- *सोमवार को सामान्य से 5 डिग्री अधिक पहुंचा पारा*
- *अधिकतम तापमान 41.5 व न्यूनतम 18 डिग्री दर्ज किया*
- *गर्म हवाओं ने खूब तपाया, भीषण गर्मी से सड़कें सुनसान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश में भीषण गर्मी ने लोगों को सताना शुरू कर दिया है। अप्रैल में ही मई जैसी गर्मी पड़ने लगी है। आसमान से आग बरस रही है। सोमवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। रोहतक सबसे गर्म जिला रहा। यहां अधिकतम पारा 42.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, रेवाड़ी में 41.5 डिग्री, हिसार में 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, नारनौल में तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है। पारा सामान्य से 6 डिग्री तक बढ़ चुका है। इससे पहले 2019 में अप्रैल के पहले हफ्ते में तापमान 40 पार हुआ था। इस तरह गर्मी ने 5 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग ने 12 जिलों में गर्मी का येलो अलर्ट जारी किया है। भारी गर्मी का जनजीवन पर असर पड़ना शुरू हो गया है। बाजार से लेकर सड़क तक सूने हो गए। लोगों ने दोपहर के समय घरों से बाहर नहीं निकलने में ही भलाई समझी। दिन के साथ अब रात के समय भी गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। पंखे और एसी पहले ही चलने शुरू हो गए थे। अब लोगों ने कूलरों का इस्तेमाल भी शुरू कर दिया है। भारी गर्मी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त करना शुरू कर दिया है।



गर्मी ने 5 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

### पारा मीटर

| शहर | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| रोहतक | 42.1° | 21.6° |
| हिसार | 41.5° | 19.0° |
| नारनौल | 40.6° | 17.9° |
| सिरसा | 41.0° | 22.4° |
| जींद | 40.0° | 19.3° |
| फरीदाबाद | 39.0° | 23.2° |
| अंबाला | 38.4° | 21.8° |
| भिवानी | 38.4° | 21.6° |
| फतेहाबाद | 38.8° | 23.5° |
| गुरुग्राम | 38.5° | 20.5° |
| मेवात | 39.9° | 20.5° |

### दिनभर चली गर्म हवाएं

सोमवार को अधिकतम तापमान 3 डिग्री बढ़कर 42.1 डिग्री पर पहुंच गया। गत वर्ष 7 अप्रैल को अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। न्यूनतम तापमान भी 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 18.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिन-रात का तापमान बढ़ने से गर्मी की आफत शुरू हो चुकी है। दिन भर गर्म हवाएं चलती रहीं। बुधवार तक पारा 44 डिग्री तक जा सकता है। इससे लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ेगा।

### क्या कहता है मौसम विभाग

प्रदेश में मौसम 9 अप्रैल तक खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तरपश्चिमी व पश्चिमी हवाएं चलेंगी। दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। परंतु पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 9 अप्रैल रात से मौसम में बदलाव आएगा। इससे 10 और 11 अप्रैल को ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादलवाई छाई रहेगी। कहीं-कहीं हवाओं के साथ छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश संभावित है। 12 और 13 अप्रैल को दिन के तापमान में हल्की गिरावट बनी रहेगी। - **डॉ मदन खीचड़, विभागाध्यक्ष,** चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

### यह सावधानी बरतें किसान

बावल क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के निदेशक डा. धर्मबीर यादव ने बताया कि हीटवेव के दौरान किसानों को ज्यादा सतर्क रहना होगा। अवशेषों को आग लगाने से गर्मी के सीजन में आगजनी की घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में किसानों को खेत में चाय बनाने के बाद चूल्हे की आग बुझा देनी चाहिए। खेत में कार्य करते समय किसानों को शरीर ढका रखना चाहिए। फसल कटाई व निकालने का कार्य सुबह-शाम को ही करें। धूम्रपान करते समय जलती हुई बीड़ी-सिगरेट नहीं डालें। नियमित अंतराल के बाद पानी का इस्तेमाल करते रहें। सब्जियों की फसल में नियमित रूप से नमी बनाए रखें।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश जांच अधिकारी को कटघरे में खड़ा करो**

# यूपी में कानून का शासन पूरी तरह ध्वस्त, जो हो रहा वह सही नहीं

**सिविल मुकदमों को आपरधिक केसों में बदलने पर सख्त रुख**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दीवानी मामलों में दर्ज की गईं प्राथमिकियों पर गौर करने के बाद पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। यह किसी भी हाल में ठीक नहीं है। कोर्ट ने यूपी पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है। सिविल मुकदमों को क्रिमिनल केस में बदले जाने पर चीफ जस्टिस (सीजेआई) संजीव खन्ना ने कहा, यूपी में जो हो रहा है, वह गलत है। हर रोज सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। यह बेतुका है, सिर्फ पैसे नहीं देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता, ये कानून के शासन का पूरी तरह ब्रेकडाउन है। जांच अधिकारी (आईओ) को कटघरे में खड़ा करो और क्रिमिनल केस बनाओ। अधिकारी को भी तो सबक मिलना चाहिए। चार्जशीट फाइल करने ये कोई तरीका नहीं है।

### पुलिस पर लगेगा जुर्माना

सीजेआई ने कहा, अगर फिर से इस तरह का मामला आया तो पुलिस पर जुर्माना लगाएंगे। डीजीपी और आईओ से कहा कि फैसले में कोर्ट ने जो निर्देश दिए हैं, उसको लेकर एफिडेविट जमा करें और आईओ को अदालत में पेश होकर बयान दर्ज करना होगा। एफिडेविट दाखिल करने के लिए दो हफ्तों का समय दिया है मामले को 5 मई के लिए रिलिस्ट कर दिया है। यूपी पुलिस के वकील ने कोर्ट के इस निर्देश पर आपत्ति जताई, लेकिन सीजेआई ने कहा कि उन्हें एफिडेविट जमा करने दीजिए।

# इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

- **विमान मुंबई से वाराणसी जा रहा था, छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग**
- **उड़ान के दौरान महिला की तबीयत हुई खराब**

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं।

### तहव्वुर राणा को भारत लाने का रास्ता साफ

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को प्रत्यर्पण के तहत भारत भेजने पर रोक लगाने की मांग करने वाली उसकी याचिका को खारिज कर दिया है, जिससे उसे न्याय के लिए भारतीय अधिकारियों को सौंपे जाने को लेकर एक और बाधा दूर हो गई है। पाकिस्तानी मूल का 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा वर्तमान में लॉस एंजिलिस के 'मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर' में बंद है। वह पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा है, जो 26 नवंबर 2008 (26/11) हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है।

# वक्फ कानून : याचिकाओं की अर्जेंट सुनवाई पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**अब तक शीर्ष कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल, सिब्बल ने अदालत से तुरंत सुनवाई की मांग की**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह नए वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देना वाली याचिकाओं को लिस्ट करने यानी सुनवाई पर फैसला करेंगे। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील कपिल सिब्बल ने अदालत से अर्जेंट हियरिंग की मांग की थी। इस पर सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा-आप वकीलों से कहें कि हमें मेल या पत्र भेजें। इस पर सिब्बल ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में अर्जेंट हियरिंग के लिए ओरल में शनिंग यानी जुबानी अपील की व्यवस्था खत्म हो चुकी है। सिब्बल के बाद सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा-ठीक है, हम पत्र और मेल देखेंगे। इन पर फैसला लिया जाएगा। हम इन्हें लिस्ट करेंगे। नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अलावा सुप्रीम कोर्ट में 11 याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने कहा कि हमारी राज्य इकाइयां भी हाईकोर्ट में कानून को चुनौती देंगी।



**सीजेआई बोले, आप वकीलों से कहें कि हमें मेल या पत्र भेजें**

**घोषणा** हरियाणा के अफसरों ने दिया अपनी संपत्ति का ब्योरा

*डीजीपी की पंजाब में जमीन, हिसार डीसी का दिल्ली में फ्लैट*

# मुख्य सचिव अनुराग का यूपी में बाग गुरुग्राम और पंचकूला में महंगे फ्लैट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के अफसरों ने सोमवार को संपत्ति का ब्योरा केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय को सौंप दिया। इसमें बताया है कि उनके पास कहां कितनी संपत्ति है। ब्योरे के अनुसार सूबे के चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी का यूपी में आम का बाग है। पंचकूला और गुरुग्राम में महंगा फ्लैट है। गृह सचिव सुमिता मिश्रा के पास दिल्ली में साढ़े 3 करोड़ का बिल्डर फ्लोर है। सीएम नायब सैनी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अरुण गुप्ता की हिसार में ढाई करोड़ की जमीन है। चर्चित आईएएस अशोक खेमका का गुरुग्राम में 3 करोड़ का फ्लैट है।



### किस अधिकारी के पास कितनी संपत्ति

- डीजीपी शत्रुजीत कपूर की हरियाणा के अलावा मोहाली, कपूरथला और बठिंडा में जमीन हैं। उनकी पत्नी के नाम पर गुरुग्राम में चार करोड़ का घर है।
- सीआईडी चीफ सौरभ सिंह के पास यूपी में करीब 5 एकड़ जमीन है।
- एसपी नीतीश अग्रवाल का भोपाल में 55 लाख का फ्लैट है। जिसमें पिता राजेंद्र अग्रवाल भी हिस्सेदार हैं।
- भिवानी डीसी महावीर कौशिक का जींद के गांगोली गांव में 5 एकड़ जमीन का चौथा हिस्सा, जिसकी कीमत 50 लाख है और विरासती जमीन है। चंडीगढ़ सेक्टर-7सी में घर का दूसरा फ्लोर, जिसकी कीमत 60 लाख है।
- रोहतक डीसी धीरेंद्र खड़गटा के नाम पर कोई भी जमीन नहीं है। एसपी नरेंद्र बिजारणिया के नाम पर राजस्थान के सीकर स्थित आईरिश टावर में फ्लैट, उसकी कीमत 35 लाख है।
- गुरुग्राम डीसी अजय कुमार के नाम पर मोहाली के सेक्टर-82 आईटी सिटी में घर की कीमत 92.97 लाख है। इसमें पत्नी लवलीन कौर भी हिस्सेदार हैं।
- सीपी विकास अरोड़ा के नाम पर करनाल के सेक्टर-7 में 264 वर्ग का घर इसकी कीमत 90 लाख है।
- अंबाला के हरगोबिंद रोड पर 143 वर्ग गज का घर है। इसकी कीमत 12 लाख रुपये है। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 500 वर्ग गज का घर है। इसकी कीमत करीब 21 लाख रुपये है।

### यह जानकारी दी

ये फैक्ट आईएएस और आईपीएएस द्वारा केंद्र को दी जानकारी में सामने आए हैं। हरियाणा कैडर के अफसरों ने केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय को भेजी रिपोर्ट में बताया कि वह कौन से फार्म हाउस/घर/प्लॉट के मालिक हैं? और उनकी प्रॉपर्टी की कीमत क्या है? बता दें हरियाणा कैडर में अभी 169 आईएएस और 106 आईपीएस अधिकारी हैं।




खबर संक्षेप



## मुख्यमंत्री ने फ्रांस में हरियाणवी समुदाय को दी राम नवमी की बधाई

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने राम नवमी के अवसर पर फ्रांस के पेरिस में प्रवासी हरियाणवी समुदाय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। सैनी ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारी संस्कृति, परंपरा और 'भारतीयता' के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य और मर्यादा का मार्ग दिखाता है। वे हमारे प्रेरणा के स्त्रोत हैं। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग द्वारा आयोजित किया गया। सीएम ने इस पावन पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि पूरा देश भगवान राम के नाम से गुंजायमान है।

## विदेश मंत्रालय के पास नहीं अवैध ट्रेवल एजेंटों का आंकड़ा : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कुछ सवालों के बारे में विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिए गए जवाब पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि विदेश मंत्रालय के पास अवैध ट्रेवल एजेंटों का आंकड़ा नहीं है। हर शहर में गली गली में अवैध ट्रेवल एजेंटों की भरमार है और मंत्रालय कह रहा है कि फरवरी 2025 तक हरियाणा राज्य सहित देश भर में कुल 3,281 अवैध एजेंटों को ई-माइग्रेट पोर्टल पर अधिसूचित किया गया है।

## मंडियों में खरीद नहीं होने और अव्यवस्थाओं से किसान परेशान - हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि हर एक फसली सीजन की तरह इस बार भी बीजेपी के वादे और दावों की पोल खुल गई है। एक बार फिर किसान को एमएसपी और मंडियों में सुविधा देने में भाजपा पूरी तरह विफल साबित हुई है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मंडियों में गेहूं की आवक जारी है। लेकिन खरीद उस गति से नहीं हो रही। नमी का बहाना बनाकर किसानों को इंतजार करवाया जा रहा है।

# विकास के मामले में मिल का पत्थर साबित होगा हिसार एयरपोर्ट : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

- पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु नारनौंद में भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम को संबोधित किया

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में हमारे देश का डंका बज रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार में एयरपोर्ट का शुभारंभ करके नया इतिहास लिखेंगे, वह दिन हिसार के लिए ऐतिहासिक होने वाला है। इसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। जैसे ही एयरपोर्ट शुरू हो जाएगा इस क्षेत्र के लिए अनेक रोजगार के अवसर खुलेंगे जो कि विकास के मामले में मिल का पत्थर भी साबित होगा।

कैप्टन अभिमन्यु नारनौंद में भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जिले के भाजपा परिवार ने पार्टी को मजबूत करने बारे चर्चा की। हांसी जिला बनाने बारे में उन्होंने कहा कि आगाज शुरू हो चुका है और अंजाम भी हम ही देंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा पूरी दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश का विकास के मामले में नक्शा बदलने का काम किया है। हिसार एयरपोर्ट की जब नींव रखी थी तो सात हजार एकड़ भूमि नारनौंद हलके की ताकतवर जनता के आशीर्वाद से ही रिलीज की थी। इस अवसर पर भाजपा नेता अजय सिंधु, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, राजेंद्र लांबा, जयबीर माजरा, संजय खरब, सुनील बैरागी, कुलदीप गौतम, सरला, नीलम, नरेश वर्मा, सुनील पाल बाल्मिकी, राजबीर खेड़ी, ईश्वर बडाला, कपिल गुराना, सोनू सैनी, चांदी मान पर मौजूद रहे।


### प्रधानमंत्री ने लोगों को जीवनदान दिया

*कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान योजना लागू करके उन गरीब लोगों को जीवनदान देने का काम किया है जो इलाज करवाने के लिए अच्छे हॉस्पिटलों में नहीं जा पाए थे। आज हर गरीब व्यक्ति प्रधानमंत्री की योजना के कारण अपने स्वास्थ्य का उचित लाभ ले सकता हैं। जो महिला वर्षों से रसोई में चूल्हे के धुएं से परेशान थी, उनके लिए भी उज्ज्वला योजना शुरू करके राहत दी गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। आज प्रदेश में युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के राजगार मिल रहे हैं।*

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 को करेंगे एयरपोर्ट का शुभारंभ



**हिसार।** स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व वित मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।



**हिसार।** कैप्टन अभिमन्यु को गुलदस्ता भेंट करते जिला अध्यक्ष अशोक सैनी व प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन।

### हांसी को जल्द ही जिला बना दिया जाएगा : अशोक सैनी

*इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। हर कार्यकर्ता पूरे अनुशासन के साथ पार्टी को दिन-रात मेहनत करके मजबूत करने का काम कर रहा है। हांसी को पुलिस जिला पहले ही बना चुके हैं। भाजपा ने संगठन के लिहाज से भी जिला बना दिया है अब वो दिन दूर नहीं की हांसी को जल्द ही प्रशासनिक जिला भी बना दिया जाएगा। पार्टी का हर कार्यकर्ता गांव की चौपालों में जाकर पार्टी का इतिहास और योजना बनाने का काम करें।*

### प्रदेश को नंबर वन बनाने में लगी सरकार

*इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन, धर्मवीर रतेरिया, रणधीर सिंह धीरू ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी को मजबूत करने के लिए जागरूक किया बताया कि भाजपा पार्टी में छोटे से छोटा कार्यकर्ता बड़े पद पर जा सकता हैं। ऐसा सिर्फ बीजेपी पार्टी में ही होता है। आज पूरे प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश को विकास के मामले में नंबर वन बनाने का काम कर रही है।*

वक्फ बोर्ड बिल

### मुस्लिम समाज को काफी लाभ पहुंचेगा

वक्फ बोर्ड संशोधन कानून पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि यह स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ अन्याय करने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी ने 500-500 रुपये की जमीनों को दो-दो हजार रुपये में किराए पर देने का काम किया है। अब इस कानून में जो संशोधन किया गया है इससे मुस्लिम समाज को काफी लाभ पहुंचेगा।

## विस और निकाय में झटके के बाद भी नेता विपक्ष का चुनाव नहीं

# अहमदाबाद अधिवेशन के बाद हरियाणा कांग्रेस को विधायक दल का नेता मिलने की उम्मीद

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार विधानसभा चुनावों और निकाय चुनाव में झटका लगने के बावजूद हरियाणा पार्टी को हाईकमान प्रदेश में नेता विपक्ष नहीं दे पा रहा है। कईं प्रभारी भी यहां गुटबाजी व खींचतान को समाप्त करने की इच्छा मन में रखकर चले गए लेकिन कुछ भी नहीं बदल सका। अब हरियाणा की भाजपा सरकार ने बिना नेता विपक्ष के बजट भी पेश किया लेकिन प्रदेश कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरि भी इस पर कोई फैसला नहीं कर सके हैं।

हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी और दिग्गज नेता बीके हरिप्रसाद ही नहीं बल्कि उसके पहले पूर्व सीएम अशोक गहलौत, वरिष्ठ नेता अजय माकन, प्रताप बाजवा पंजाब कांग्रेस नेता विपक्ष भी हरियाणा में आकर सभी नेताओं, विधायकों से मुलाकात कर पूरा फीडबैक ले चुके हैं। उसके बाद भी नतीजा वही ढाक के तीन पात वाला रहा है। अब उम्मीद लगी है मंगलवार से अहमदाबाद में दो दिनों के अधिवेशन की ओर हरियाणा कांग्रेस के नेताओं को उम्मीद है कि इस अधिवेशन की समाप्ति के बाद में नेता विपक्ष का फैसला होने जा रहा है।

### हरियाणा में समाप्त होगा मुश्किल दौर





कांग्रेस पार्टी हरियाणा में मुश्किल दौर से गुजर रही है, इस तरह के तंज सत्ताधारी भाजपा के नेता भी करने लगे हैं। बजट सत्र के दौरान भी जमकर तीर तलवार चले। कटाक्ष पर कटाक्ष हुए शेर-ओ शायरी में भी कुछ इसी तरह का अंदाज दिखाई दिया। पार्टी विधानसभा चुनाव और निकाय चुनाव में भी चित हो गई लेकिन छह माह का वक्त बीत जाने के बावजूद नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है। पार्टी की सांसद और वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा का धड़ा पीसीसी अध्यक्ष उदयभान को सारे के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके सांसद बेटे दीपेंद्र हुड्डा की तरफ इशारा कर सुरजेवाला व सैलजा गुट कांग्रेस की दुर्गति का कारण बता रहे हैं।

### वरिष्ठ नेता भी तीनों गुटों में तालमेल नहीं बैठा पाए

खास बात यह है कि राहुल गांधी ने पूरे मामले में गंभीरता दिखाई थी और बीके हरिप्रसाद को हरियाणा का प्रभारी बनाकर भेजा था। बीके हरि के आने के बाद में यहां पर हालात संभल जाने की उम्मीद बनी लेकिन गुटबाजी के सामने वे भी बेबस बन गए हैं। हरिप्रसाद ने हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश स्तर संगठन की जिम्मेदारी उठा रहे नेताओं, विधायकों और प्रदेश कमेटी के साथ बैठकों का सिलसिला चलाया। लेकिन वे भी सैलजा, सुरजेवाला और हुड्डा गुटों में तालमेल नहीं बैठा सके।

### खुलेआम बयानबाजी

दुखद पहलू यह है कि प्रदेश में कांग्रेस विपक्ष में है, लेकिन नेता विपक्ष अपने विधायकों के बीच से चुन नहीं पा रही है। प्रभारी बीके हरिप्रसाद गत 6 साल में कांग्रेस के पांचवें प्रभारी हैं। हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उदय भान के खिलाफ कई कांग्रेस नेताओं ने खुलेआम बयानबाजी की. लेकिन हाईकमान का कोई भी नेता रोक नहीं सका। पार्टी के नेता विपिन सांगवान और पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के इस्तीफे तक की मांग कर दी। मजेदार बात यह है कि नए प्रभारी हरिप्रसाद फैसला नहीं ले सके। साथ ही गोगी पर भी पीसीसी चीफ के विरुद्ध बयानबाजी को लेकर कदम नहीं उठा सके। विपिन सांगवान ने प्रदेश अध्यक्ष पद पर दावेदारी करते हुए कहा कि उदय भान को अक्टूबर 2024 के चुनावों में हार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा दे देना चाहिए।

# हरियाणा में हर 10 किलोमीटर पर होगा मॉडल संस्कृति स्कूल : अनुराग रस्तोगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

## 25 और नए मॉडल संस्कृति स्कूल खोलेंगे



हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि राज्य सरकार ने निजी और सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता के अंतर को दूर करने के लिए मॉडल संस्कृति व सार्थक मॉडल स्कूलों पर ध्यान केंद्रित किया है। इसी कड़ी में सरकार की योजना 25 और नए मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने की है। राज्य सरकार प्रदेश में हर 10 किलोमीटर पर एक मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने के लिए प्रयासरत है। मुख्य सचिव ने जिला पंचकूला के बरवाला ब्लॉक के गांव बतौड़ में पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के साथ परस्पर संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही। उन्होंने इस मौके पर, नवाचार संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बतौड़ को अपने वेतन से 51 हजार रुपये देने की भी घोषणा की।

### निजी स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा देने का उद्देश्य

रस्तोगी ने कहा कि इन स्कूलों के पीछे सरकार का उद्देश्य कम पैसों में ग्रामीण व शहरी आंचल के विद्यार्थियों को निजी स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कई बार कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ नहीं पाते और उनकी प्रतिभा दबी रह जाती है। सरकार ने उस प्रतिभा को निखारने के लिए और बच्चों को शिक्षा का अच्छा प्लेटफॉर्म देने के लिए मॉडल संस्कृति व सार्थक मॉडल स्कूलों का निर्माण किया है ताकि बच्चे सरकारी स्कूलों में भविष्य बना सकें।

## प्रधानमंत्री 14 को देंगे बड़ी सौगात : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को हरियाणा की जनता को बड़ी सौगात देंगे। इस दिन प्रधानमंत्री यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन व टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। यह हरियाणा के लिए गर्व का क्षण होगा। यमुनानगर में शुरू होने वाली थर्मल यूनिट का निर्माण भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | गैर–कोर पीओएच गतिविधि को ट्रेन लाइटिंग शॉप के विभिन्न खंड से आउटसोर्स किया जाना है। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | द्वितीय पैकट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 28.04.2025 प्रातः 11.30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 05.04.2025 |
| पूर्व बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू. 48,41,805.70/– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एंव वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू. 96,800/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 365 दिन |
| बोली प्रारंभ तिथि | 14.04.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 28.04.2025 प्रातः 11.30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56/डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/24–25/टी/25/नॉन–कोर 1041/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मैं पूर्वाग्रह से नहीं चलता, चेयर पर बैठने के बाद सब समान : कल्याण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का कहना है कि एक स्वस्थ्य लोकतंत्र में विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी बेहद ही गरिमामय पद है। कईं बार सियासी चर्चा अनौपचारिक तौर पर की जाती है, क्योंकि स्पीकर भी किसी ना किसी पार्टी के होते हैं लेकिन उसको खबर का स्वरूप दे देना ठीक नहीं है। कईं बार सदन की कार्यवाही से हटने वाले शब्दों की सूचना देने के बाद भी नहीं हटाए जाते, थोड़ा शोरगुल, हंगामा होने पर उसका ज्यादा प्रचार होता है, इसके विपरीत हमे रचनात्मक कार्यों को स्थान देना होगा ताकि समाज में सही संदेश जाए। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का कहना है कि इस कुर्सी पर बैठने के बाद में कोई अपना पराया नहीं बल्कि सभी के साथ में निष्पक्ष और तटस्थ व्यवहार करते हैं, मेरी कोशिश है कि किसी पूर्वाग्रह अथवा पार्टी विशेष को ध्यान में रखकर काम नहीं हो। दूसरी तरफ विधानसभा में सभी दल अपनी बात ढंग से रख पाएं, मेरी यही कोशिश रहेगी। विधानसभा अध्यक्ष का कहना है कि कईं बार भोजन, लंच डिनर के दौरान हास्य विनोद सियासत पर चर्चाएं तो होती रहेंगी मर्यादा में रहकर बात रखनी चाहिए, मीडिया से अपील है कि इस तरह की चर्चा पर आधारित खबर नहीं होनी चाहिए। विस अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की विधानसभा अच्छे से अच्छा करे, इसलिए इस दिशा में मेरी ओर से भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं, सभी के सुझावों व फीडबैक के साथ चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति विशेष अथवा दल को लेकर पूर्वाग्रह नहीं है।

### बेहतर करने की प्रेरणा देने के लिए युवा संसद की



विस अध्यक्ष का कहना है कि हमने युवा संसद आने वाली पीढ़ियों को बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा देने के लिए किया है, जो अपने आप में उल्लेखनीय बात है। आने वाले दिनों में इस तरह के ट्रेनिंग प्रोग्राम और बाकी प्रयास जारी रहेंगे। विस अध्यक्ष का कहना है कि हमारे पास में जैसे जैसे अनुरोध आते रहेंगे और हमे लगेगा कि उसमें सार्थकता है, तो उस पर अमल करेंगे।

## रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएंगे

# प्रदेश में नई उद्योग पॉलिसी बनाने का काम चल रहा : राव नरबीर सिंह

- पॉलिसी में उद्योगों के लिए जमीन देने वाले किसानों को भी हिस्सेदारी देने का प्रावधान किया जाएगा
- छोटे-छोटे उद्योगों का कलस्टर भी स्थापित होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश मे नई उद्योग पॉलिसी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस पॉलिसी में उद्योगों के लिए जमीन देने वाले किसानों को भी हिस्सेदारी देने का प्रावधान किया जाएगा। आईएमटी रोजका मेव में नए-नए व बड़े उद्योग स्थापित हो रहे हैं। बड़े उद्योगों के साथ छोटे-छोटे उद्योगों का कलस्टर भी स्थापित होगा, जिसके बाद जिला नूंह में रोजगार की नई संभवानाएं व अवसर उत्पन होंगे। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह सोमवार को नूंह में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकरी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में आ रहे हैं। इस दिन वे हरियाणा के हिसार स्थित एयरपोर्ट में नए टमनल व यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास कर प्रदेशवसियों के लिए बड़ी सौगातें देंगे।

### नूंह के गांवों में जलभराव की समस्या दूर होगी



हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जिला नूंह के कई गांवों व खेतों में जलभराव की जो समस्या है, उसका स्थाई समाधान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंडल आयुक्तों व जिला उपायुक्तों की मीटिंग हो चुकी है। इसके लिए संबंधित विभागों व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ जल्द ही स्थाई व उचित समाधान किया जाएगा। इसी प्रकार जिला नूंह में पेयजल की समस्या के संबंध में भी उचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि 100-100 गज के प्लॉटों के संबंध में जो भी शिकायतें मिल रही हैं, उन सभी का समाधान किया जा रहा है।

### अग्निवीरों को पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण

हरियाणा सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है कि अग्निवीर जवानों को चार साल की नौकरी के बाद हरियाणा पुलिस में 20 प्रतिशत का आरक्षण देकर पुनः नौकरी दी जाएगी। इसके साथ ही अग्निवीरों को वन व अन्य विभागों सहित प्राइवेट सेक्टरों में भी नौकरियां देने का प्रावधान किया जाएगा।

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | जिला पलवल उत्तावार्ड राजकीय बहतकनीकी के फारमेसी ब्लॉक में विशेष मरम्मत द्वारा पुनरोद्धार (बिना जीएसटी)। | बंद होने की तिथि 17.04.2025 | 169.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | सिविल हस्पताल, सेक्टर-6, पंचकूला के परिसर में एमसीएच का निर्माण (सेंट्रल एयर कंडीशनिंग प्रणाली हेतु अतिरिक्त मदों का प्रावधान)। | 02.04.2025 11.04.2025 | 114.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | जिला यमुनानगर में आरओबी के नीचे कलानौर से कैल रोड पर 81.90 किमी. पर अंडर पास का निर्माण। | 03.04.2025 14.04.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | जिला गुरूग्राम में सोहना के 50 बिस्तरों वाले सिविल हस्पताल में अग्निशामक प्रणाली। | बंद होने की तिथि 11.04.2025 | 46.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.i |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 5750-आर जेएसबी एस्केप चैनल में गिरने वाले आरडी 0 से 4085 तक अण्डरग्राउंड एचडीपीई पाइप लाइन डाया 355 मिमी. के माध्यम से गांव बम्बूलिया के बाढ़ के पानी की सफाई + 2 कार्य। | 04.04.2025 11.04.2025 | 194 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | ककराना लिंक ड्रेन के आरडी 400 और आरडी 2200 पर 2 अदद पाइप कल्वर्ट को बॉक्स कल्वर्ट में बदलना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.04.2025 | 95.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | फतेहाबाद ब्रांच आरडी 219954-265966 की पैच लाइनिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 14.04.2025 | 15.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667220105 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | दुल्हेड़ा डिस्टी. के आरडी 121025 के X-रेगुलेटर और आरडी 118000 पर एस्कैप के निर्माण हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.04.2025 | 100.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | जारवा डिस्टी. के किमी. 5.680 / एल पर गांव जारवा ऑफ टेक पर स्प्रींक्लर प्रणाली के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं की आपूर्ति हेतु कैनाल वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण + 2 अन्य कार्य। | 03.04.2025 15.04.2025 | 484 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | जलापूर्ति तकनीकी डिवीजन नारनौल में 2024-25 बाढ़ योजना के तहत बाढ़ नियंत्रण कार्य हेतु नये 5 अदद सीएस और 10 सीएस पम्प की सहायक इलैक्ट्रोमैकेनिकल असैसरीज की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 16.04.2025 | 98.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 11 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हड़ नूह में फ्यूल और रखरखाव तथा ड्राईवर सहित एक ट्रैक्टर ट्रॉली को किराये पर लेने हेतु। | 08.04.2025 20.04.2025 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in /nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मण्डी डबवाली | अहमदपुर डेरेवाला :- जिला सिरसा गांव अहमपुर डेरे वाला में गांव तथा एमजीजीबीवाई कॉलोनी में वितरण पाइप लाइन के मजबूतीकरण हेतु आकलन और 1 अदद एसएस टैंक, सीडब्ल्यूटी, पीएनडीएल इनलेट चैनल और गांव, एमजीजीबीवाई कॉलोनी में वितरण पाइप लाइन के मजबूतीकरण और जलघर पर अन्य विविध कार्य (जन संवाद के दौरान डिमांड) (PUH/2024-25/105849)। | 04.04.2025 25.04.2025 | 130.1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज झज्जर | जिला झज्जर में ब्लॉक कार्यालय भवन बेरी का पुनरोद्धार। | 03.04.2025 09.04.2025 | 8.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज झज्जर | 9.94 :- गांव मांडोठी, ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में मतदिया पाना के खेल मैदान की चारदिवारी का निर्माण। | 04.09.2025 09.04.2025 | 8.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव दादीसिया ब्लॉक फरीदाबाद जिला फरीदाबाद एफएफसी में उप चिकित्सा केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 03.04.2025 09.04.2025 | 92.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/300/33696/I/88/6 दि. 07.04.25

## खबर संक्षेप

### एफपीआई ने चार सत्र में 10,355 करोड़ निकाले




**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनिया के कई देशों पर जवाबी शुल्क लगाए जाने का असर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों पर भी पड़ा है। एफपीआई ने पिछले चार कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजार से 10,355 करोड़ रुपये निकाले हैं।

### जेएलआर की बिक्री चौथी तिमाही में 1.1 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर की वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में थोक बिक्री 1,11,413 इकाई रही जो गत वित्त वर्ष की समान तिमाही से 1.1 प्रतिशत अधिक है। इसमें चीन के संयुक्त उद्यम चेरी जगुआर लैंड रोवर के आंकड़े शामिल नहीं हैं।

### एचएमईएल ने रिकॉर्ड 20 लाख टन पॉलिमर बेचा

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख तेल शोधन और पेट्रोरसायन कंपनी एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 20 लाख टन पॉलिमर बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने कहा कि उसकी पॉलिमर बिक्री उम्मीद से अधिक रही है और इसे उद्योग में उसकी स्थिति और मजबूत हुई है। बयान में कहा गया, 'यह उपलब्धि ग्राहकों की जरूरतों को समझने और विभिन्न पॉलिमर खंड में अनुप्रयोगों के लिए अनुरूप समाधान प्रदान करने के लिए एचएमईएल की अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।' एचएमईएल ने तीन अरब डॉलर का खर्च कर अपनी पेट्रोरसायन क्षमता बड़ा विस्तार किया है।

### चीन जैसे देशों से आयात में वृद्धि की निगरानी के लिए होगा कार्य समूह गठित

# निर्यातकों के लिए नए बाजार तलाशने में सरकार करेगी मदद, आयात की होगी निगरानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय अमेरिकी शुल्क वृद्धि के बीच निर्यातकों के लिए नए बाजारों की खोज में मदद करने की कोशिश करने के साथ ही चीन जैसे देशों से आयात में संभावित वृद्धि की निगरानी के लिए एक कार्य समूह का गठन भी कर रहा है। एक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्र ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय निर्यातकों को सस्ती दरों पर ऋण प्रदान करने में समर्थन देने के लिए अपने निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत में भी तेजी ला रहा है। इसके अलावा यूरोपीय संघ, ओमान, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को लेकर बातचीत भी जारी है।

- मंत्रालय निर्यातकों को सस्ती दरों पर ऋण प्रदान करने समर्थन देगा
- मंत्रालय निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत में भी तेजी ला रहा है
- एफटीए को लेकर यूरोपीय व ओमान, न्यूजीलैंड से बातचीत



#### निर्यात के लिए चिन्हित 20 देश

मंत्रालय ने संबंधित अधिकारियों को भारत से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन और फ्रांस जैसे 20 चिह्नित देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित करने का निर्देश भी दिया है।

*एमएसएमई निर्यातकों को आसान शर्तों पर मिलेगा ऋण*

*सरकार एमएसएमई निर्यातकों को आसान शर्तों पर ऋण प्रदान करने, उनके लिए फैक्टरिंग सेवाओं को मजबूत करके वैकल्पिक वित्तपोषण साधनों को बढ़ावा देने और अन्य देशों के गैर-शुल्क कदमों से निपटने के लिए सहायता प्रदान करने के लिए योजनाएं तैयार कर रही है। इन योजनाओं पर वाणिज्य, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और वित्त मंत्रालय काम कर रहे हैं।*

*निर्यात संवर्धन मिशन शुरू करने की घोषणा : इन योजनाओं को वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत तैयार किया जा रहा है। सरकार ने बजट में देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 2,250 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक निर्यात संवर्धन मिशन शुरू करने की घोषणा की थी।*

#### वियतनाम भी शामिल

निर्यात प्रोत्साहन के लिए चिह्नित देशों में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, बांग्लादेश, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, नीदरलैंड, रूस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, अमेरिका और वियतनाम शामिल हैं।

#### शुल्क से नुकसान की आशंका

भारतीय निर्यातकों के लिए इन देशों में अपार अवसर हैं। ये घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आए हैं, जब निर्यातकों और उद्योगों ने अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने से नुकसान की आशंका जताई है।

#### अमेरिका सबसे बड़ा साझेदार

वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका 119.71 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। वहीं चीन 118.39 अरब डॉलर के व्यापार के साथ भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक साझेदार था।

#### निर्यात में अमेरिका का योगदान 18 फीसदी

भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका का योगदान लगभग 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। दूसरी ओर चीन की भारतीय निर्यात में हिस्सेदारी लगभग चार प्रतिशत और आयात में 15 प्रतिशत है।

#### चीन अधिशेष निर्यात का रुख भारत की ओर मोड़ सकता है

उद्योग जगत ने यह भी चिंता जताई है कि चीन जैसे देश अपने अधिशेष निर्यात का रुख भारत की तरफ कर सकते हैं। चीन को अमेरिका में 54 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) को ऐसे आयातों पर ध्यान केंद्रित रखने के लिए कहा गया है।

## आईबी ग्रुप अब गांवों में लगाएगा पोल्ट्री फार्म आगे आ रहे सरपंच



**रायपुर।** गांव में रहकर गांव का विकास करने की सोच को लेकर दो दिनी पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े ट्रेडर्स और फार्मर्स शामिल हो रहे हैं। यह बताने के लिए आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता की। उन्होंने बताया कि देश के सबसे बड़े पोल्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ एक होटल में किया है।

इसमें 7 और 8 अप्रैल को कई विषयों पर चर्चा होगी। इसको लेकर डायरेक्टर जोया आफरीन आलम ने बताया कि अब गांवों में जल्द ही फार्म शुरू करेंगे। हम 2035 तक इससे ग्रामीण क्षेत्र में भी रोजगार बढ़ाने के साथ किसानों में आर्थिक खुशहाली से जोड़ने की पहल करने वाले हैं। इस दिशा में किस तरह से योगदान दे सकते हैं, यह भी तय किया जाएगा। देश को प्रोटीन हब के रूप में विकसित करने के लिए किस तरह से काम किया जा सकता है। इस दौरान 10 गांव के सरपंचों, पोल्ट्री फार्म से जुड़े एक्सपर्ट से चर्चा की जाएगी।

### स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बढ़ी नियुक्तियां

**मुंबई।** भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में मार्च महीने के दौरान नौकरियों में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो तकनीकी प्रगति और चिकित्सा सेवाओं की बढ़ती मांग से प्रेरित है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

## स्वामी रामदेव का 31वां संन्यास दिवस पावन नवरात्रि यज्ञवैदिक अनुष्ठान व कन्या पूजन के साथ सम्पन्न

**हरिद्वार।** पतंजलि वैलनेस, फेस-।। स्थित योग भवन सभागार में स्वामी रामदेव महाराज का 31वां संन्यास दिवस पावन नवरात्रि यज्ञ, वैदिक अनुष्ठान व कन्या पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य बालकृष्ण जी ने स्वामी जी महाराज को माला पहनाकर 31वें संन्यास दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि आज मैं 30 वर्ष का संन्यासी हो चुका हूँ और 31वें वर्ष के संन्यस्त जीवन में प्रवेश कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि संन्यासी का एक ही धर्म है- योगधर्म से राष्ट्रधर्म, सेवाधर्म और युगधर्म का निर्वहन करते हुए इस



राष्ट्र को स्वास्थ्य के साथ-साथ समृद्धि और संस्कार देना, इसलिए पतंजलि योगपीठ निरंतर संस्कृति मूलक समृद्धि के सोपान चढ़ रहा है। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पूज्य स्वामी महाराज ने संन्यास ग्रहण करके भारतीय संस्कृति, परम्परा व मूल्यों को पूरी दुनिया में गौरव देने का कार्य किया और भारत की गौरवशाली परम्परा की पहचान पूरे विश्व में कराई। इस अवसर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पूज्य संन्यासीगणों के साथ स्वामी रामदेव जी, आचार्य बालकृष्ण, दिव्य योग मंदिर राममुलख दरबार के योगाचार्य स्वामी लाल आदि सम्मिलित हुए। शोभायात्रा माँ गंगा के पावन तट पर पहुँची जहाँ 6 विद्वान भाइयों तथा 1 विदुषी बहन को नैष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा दी गई। इससे पूर्व नवरात्र पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव जी व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी ने सम्पूर्ण देशवासियों को नवरात्रि व रामनवमी की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## अमेरिका से परेशान जर्मनी अपना 1200 टन सोना वापस लाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों से तंग आकर जर्मनी एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। जर्मनी की सरकार अमेरिका में रखे अपने 1,200 टन सोना को वापस लाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। ब्रिटिश अखबार 'द टेलीग्राफ' ने जर्मनी के अखबार 'बिल्ड' के हवाले से यह जानकारी दी है। यह कदम ट्रंप के नए टैरिफ वार के बाद दुनिया भर में बढ़ते व्यापारिक तनाव को दिखाता है।रिपोर्ट में बताया गया है कि, जर्मनी ने कई दशकों से अपना करीब 1200 टन सोना, न्यूयॉर्क स्थित अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की तिजोरियो में रखा हुआ है। इस सोने की अनुमानित वैल्यू इस समय लगभग 113 अरब डॉलर या लगभग 10 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है। यह जर्मनी के कुल गोल्ड रिजर्व का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा है और अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा राष्ट्रीय गोल्ड रिजर्व माना जाता है।

#### जर्मनी का 50 फीसदी सोना फ्रैंकफर्ट में

फिलहाल जर्मनी का लगभग 50 प्रतिशत सोना फ्रैंकफर्ट में ही रखा हुआ है, जबकि 13 प्रतिशत लंदन में रखा गया है। सोने को वापस लाने की यह मांग ऐसे समय में आई है जब जर्मनी अमेरिका पर अपनी निर्भरता को कम करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जर्मनी ने हाल ही में रक्षा पर अपन बजट बढ़ाया है। साथ ही सड़क, रेल और सार्वजनिक सेवाओं के लिए 500 अरब यूरो के फंड का ऐलान किया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 'ब्रेटन वुड्स सिस्टम' के तहत ट्रेड सरप्लस को सोने में बदलने का सिस्टम आया था। इसी के बाद जर्मनी ने अमेरिका में सोना जमा करना शुरू किया था। उस समय ऐसा माना जाता था कि आर्थिक संकट की स्थिति में डॉलर की तत्काल उपलब्धता के लिए यह कदम समझदारी भरा है।

*जर्मन अधिकारियों को जांच की इजाजत मिले*

*सीडीयू के सांसद और पूर्व मंत्री मार्को वांडरविट्ज ने 'बिल्ड' से बात करते हुए कहा, 'बिलकुल, गोल्ड को वापस लाने का सवाल एक बार फिर उठ खड़ा हुआ है' वांडरविट्ज लंबे समय से ऐसी नीतियों की मांग करते रहे हैं, जिससे जर्मन अधिकारियों को अमेरिका में रखे इस गोल्ड रिजर्व की सीधी जांच की इजाजत मिले या फिर इसे अमेरिका से वापस लाया जाए। मार्को वांडरविट्ज ने 2012 में भी अमेरिका में रखे गोल्ड रिजर्व के जांच की मांग की थी, लेकिन उनके अनुरोध को ठुकरा दिया गया था।*




### आईपीएल: कोहली और रजत की फिफ्टी, क्रुणाल को 4 विकेट

# आरसीबी ने मुंबई को 12 रन से हराया

भाषा ▶▶| मुंबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में 12 रन से जीत दर्ज करते हुए वानखेड़े स्टेडियम में छह मैचों से चले आ रहे अपने हार के सिलसिले को खत्म किया। आरसीबी ने विराट कोहली (67) और कप्तान रजत पाटीदार (64) के तूफानी अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 221 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को नौ विकेट पर 209 रन पर रोककर इस टीम के खिलाफ 2015 के बाद पहली बार जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार यादव (28) के आउट होने के बाद 116 रन पर चार विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा (चार चौके और चार छक्के की मदद से 29 गेंदों पर 56 रन) आरसीबी के गेंदबाजों को परेशान किया। हार्दिक ने 15 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। आरसीबी के लिए क्रुणाल पंड्या ने चार जबकि यश दयाल, जोश हेजलवुड ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा (नौ गेंद में 17 रन) ने भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ छक्का जड़कर आक्रामक तेवर दिखाये। उन्होंने यश दयाल के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े लेकिन अगली गेंद को विकेटों पर खेलकर बोल्ड हो गये। रोहित के आउट होने के बाद रयान रिकलटन (10 गें में 17 रन) ने भुवनेश्वर के खिलाफ लगातार दो चौके लगाये




लेकिन वह जोश हेजलवुड की गेंद पर चौथे ओवर में पगबाधा हो गये। सूर्यकुमार ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौके तो वही विल जैक्स ने छक्के के साथ खाता हाथ खोले। पावरप्ले के बाद मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 54 रन था। दोनों बल्लेबाजों ने आठवें ओवर में क्रुणाल पंड्या के खिलाफ तीन चौके के साथ रन गति को तेज किया।

इस खब्बू स्पिनर ने हालांकि अपने अगले ओवर में जैक्स की 18 गेंद में 22 रन की पारी को कोहली के हाथों कैच कर किया। इसके बाद यश दयाल की गेंद पर सूर्यकुमार लिविंगस्टोन के हाथों लपके गये। कप्तान हार्दिक के क्रीज पर आते ही मैच का रुख मुंबई की ओर मुड़ने लगा। एक छोर से तिलक ने सुयश के खिलाफ छक्का और दो चौके जड़े तो वहीं हार्दिक ने हेजलवुड के खिलाफ 14वें ओवर में दो चौके और दो छक्के के साथ 22 रन बटोरने के बाद अपने बड़े भाई क्रुणाल के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाकर ओवर से 19 रन बटोरे जिससे मुंबई को आखिरी पांच ओवर में 65 रन की जरूरत थी।

## चेन्नई को मिलेगी पंजाब से कड़ी चुनौती



**मुल्लांपुर।** चेन्नई सुपरकिंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व जिस सबसे बड़ी समस्या का हल खोजना होगा वह महेंद्र सिंह धोनी की डेथ ओवरों में बड़े शॉट खेलने में नाकामी है। सुपरकिंग्स ने आईपीएल सत्र की अपनी सबसे खराब शुरुआत में से एक करते हुए लगातार तीन मैच गंवाए हैं और वह भी लक्ष्य का पीछा करते हुए। पंजाब किंग्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था लेकिन मौजूदा फॉर्म के साथ कागजों पर श्रेयस अय्यर की टीम सुपरकिंग्स की तुलना में अधिक मजबूत दिख रही है। सुपरकिंग्स की टीम संयोजन की समस्या से जूझ रही है। अंतिम ओवरों में धोनी की मौजूदगी को एक समय वरदान माना जाता था लेकिन अब यह 'येलो ब्रिगेड' के लिए अभिशाप बन रही है।

# लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में मुख्य आकर्षण होंगे जोकोविच

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, 'लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस



समारोह के शामिल होने का मौका मिला है।' महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलावा महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

### ब्रूक इंग्लैंड वनडे और टी-20 टीम के कप्तान



**लंदन।** जोस बटलर के पिछले महीने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के लचर प्रदर्शन को देखते हुए कप्तानी छोड़ने के बाद हैरी ब्रूक को सोमवार को देश की सीमित ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। ब्रूक को पिछले साल की आईपीएल नीलामी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स ने अनुबंधित किया था लेकिन इंग्लैंड के अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वह आईपीएल 2025 से हट गए थे और बाद में उन पर लीग में खेलने से दो साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। 26 वर्षीय ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण के बाद से इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं।

### कलिंगा सुपर कप 2025 का कार्यक्रम घोषित

**नई दिल्ली।** कलिंगा सुपर कप 2025 का आगाज 20 अप्रैल को डबल हेडर से होगा, जिसमें शुरुआती दिन केरला ब्लास्टर्स एफसी का मुकाबला ईस्ट बंगाल एफसी, जबकि मोहन बागान एसजी का मुकाबला आई-लीग क्लब से होगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम सोमवार को घोषित किया गया। 20 अप्रैल से तीन मई तक भुवनेश्वर में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में 16 क्लब भाग लेंगे। सभी मैच नॉकआउट प्रारूप में कलिंगा स्टेडियम में होंगे। आईएसएल टीमों को 2024-25 सत्र में उनकी अंतिम लीग स्थिति के अनुसार राउंड ऑफ 16 के लिए वरीयता दी गई थी।

## मेसी के गोल से इंटर मियामी ने टोरंटो को बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर के चार मैच में तीसरी बार गोल किया जिससे इंटर मियामी ने रविवार को यहां टोरंटो एफसी को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेसी का यह सभी प्रतियोगिताओं में 40वां गोल है जो फ्रेंचाइजी की ओर से रिकॉर्ड है। मेसी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागा। मेसी के गोल से तीन मिनट पहले फेडेरिको बर्नारडेची ने टोरंटो की टीम को बढ़त दिलाई थी। इंटर मियामी की



टीम छह मैच में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि कोलंबस की टीम ने 15 अंक के साथ शीर्ष पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। कोलंबस ने हालांकि इंटर मियामी से एक मैच अधिक खेला है।

## बोपन्ना की बड़ी उपलब्धि, 45 की उम्र में जीता एटीपी मास्टर्स मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया। बोपन्ना से पहले यह रिकॉर्ड कनाडा के डेनियल नेस्टोर के नाम था जिन्होंने 2017 में 44 साल आठ महीने की उम्र में मैच जीता था। नेस्टोर और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन ने बोपन्ना और पाब्लो कुएवास को राउंड ऑफ 32 में 6-3, 6-2 से हराया था। बोपन्ना का मोंटे कार्लो टूर्नामेंट में सामना अब इटली की जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से होगा।

**फ्रांसिसको और अलेजांद्रो को 6-3, 7-5 से हराया**



### खराब फॉर्म में गुजर रहे हैं बोपन्ना

शेल्टन और बोपन्ना की एटीपी रैंकिंग में विश्व की 14वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांसिसको और ताबिलो की जोड़ी को महज 71 मिनट में हराया। बोपन्ना पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के नुनो बोर्ग्स के साथ खेलने के बाद बोपन्ना दुबई टेनिस चैंपियनशिप, इंडियन वेल्स मास्टर्स और मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे थे।



चिंतन

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के नए दौर के लिए तैयार रहे भारत

भा जंग, संघर्ष और टैरिफ सनक के बीच अर्थव्यवस्था को लेकर भारत को अधिक सचेत व विवेकशील रहने की जरूरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से ग्लोबल ट्रेड के स्थापित तंत्र के टूटने की संभावना प्रबल हो गई है और नए वैश्विक ट्रेड ऑर्डर के विकसित होने को दौर शुरू हो गया है। अमेरिका की ओर से जवाबी शुल्क और आयात पर उच्च दर से टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिस तरह अनिश्चतता की स्थिति बनी है, उससे पूरी दुनिया की सभी मजबूत अर्थव्यवस्था पर असर पड़ती दिख रही है। इसी सप्ताह 9 अप्रैल से अमेरिका नया टैरिफ दर व जवाबी शुल्क लागू करने जा रहा है, दस फीसदी बेसलाइन शुल्क 5 अप्रैल से ही लागू हो गया है, इससे अमेरिका को निर्यात करने वाले भारत, चीन समेत करीब 60 देश प्रभावित होंगे। ट्रंप टैरिफ वार के चलते सोमवार को विश्व के सभी प्रमुख शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। यूरोप, जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकॉन्ग के स्टॉक मार्केट औंधे मुंह गिरे। भारतीय शेयर बाजार में तो ब्लडबाथ की स्थिति दिखाई दी, सेंसेक्स 2200 अंक से अधिक गिरा, निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक स्वाहा हो गए। खुद अमेरिका के शेयर बाजार के सभी प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज में पिछले दो अप्रैल के बाद से गिरावट का आलम है। ट्रंप के नए टैरिफ से जहां अमेरिकी अर्थव्यवस्था की चिंता महंगाई व उत्पादन लागत बढ़ने के साथ मंदी छाने की है, वहीं अमेरिका को निर्यात करने वाले देशों की चिंता बढ़े हुए शुल्क के चलते एक्सपोर्ट लागत बढ़ने व मात्रा के घटने को लेकर है। नए अमेरिकी टैरिफ के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर होने में वक्त लगेगा, कितना वक्त लगेगा, इसका आकलन करना कठिन है, तब तक विश्व में आर्थिक अनिश्चचता बनी रहेगी। पहले से ही सुस्त ग्रोथ का सामना कर रहे चीन के जीडीपी पर दो से ढाई फीसदी का असर पड़ेगा। नए ग्लोबल ट्रेड ऑर्डर के विकसित होने में भी वक्त लगेगा, कारण इसका स्वरूप क्या होगा, इसे दिशा कौन देगा, डॉलर का क्या होगा और उसकी जगह कौन कौन सी मुद्रा लेगा? आदि ढेर प्रश्न हैं। क्या यूरोप, चीन, जापान, रूस या भारत जैसी अर्थव्यवस्था में विश्व के नए ट्रेड ऑर्डर को दिशा देने का सामर्थ्य है? विश्व बैंक, अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्व व्यापार संगठन जैसी संस्थाओं का क्या होगा? विकसित व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच कड़ी कौन होगा? अभी सबकुछ भविष्य के गर्त में है, तब तक भारत को ट्रंप टैरिफ का प्रभाव कम करने के लिए तीन स्तर पर काम करना चाहिए। पहला घरेलू खपत के लिए अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करना चाहिए व आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आर्थिक राष्ट्रवाद जैसे अभियान मददगार हो सकते हैं। दूसरा, अपने उत्पाद के निर्यात के लिए नए बाजार का विस्तार करना चाहिए। भारत सरकार चीन, ब्राजील, फ्रांस आदि 20 देशों के साथ आपसी ट्रेड समझौते पर विचार कर रही है। भारत को नए मुक्त व्यापार समझौते, नए ट्रेड कोरिडोर, आपसी विनिमय आदि की दिशा में बढ़ना चाहिए। तीसरा, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए और टैरिफ समस्या का हल निकालने का प्रयास करना चाहिए। इस वर्ष अमेरिका को भारत के माल निर्यात में 5.76 अरब डॉलर की गिरावट आने के आसार हैं।



बिम्सटेक
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतू बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक की क्षमता को और मजबूत करने का आह्वान किया है। बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट ऐसे अन्य उपायों के रूप में क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।

# क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने का वक्त

कुछ दिन पूर्व भारत के प्रधानमंत्री ने सात एशियाई देशों के संगठन 'बिम्सटेक' के बैंकॉक में आयोजित छठे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और इन देशों के बीच बेहतर जुड़ाव, आर्थिक और डिजिटल संबंधों को प्रगाढ़ करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि 'बिम्सटेक' में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2024 के अनुमानों के अनुसार ये देश कुल 5.23 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी का उत्पादन करते हैं, जिसमें स्वाभाविक तौर पर भारत का योगदान सर्वाधिक है। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। खास बात यह है कि पाकिस्तान इस संगठन का सदस्य देश नहीं है।

हालांकि यह संगठन 27 साल से भी अधिक समय से चल रहा है, शुरूआत में जून 1997 में इसका गठन बिस्टेक के नाम से हुआ, यानि बांग्लादेश, इंडिया, श्रीलंका और थाईलैंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन। थोड़े ही समय बाद दिसंबर 1997 इसमें म्यांमार को शामिल करते हुए इसका नाम बिम्सटेक हो गया। फरवरी 2004 में नेपाल और भूटान इसके सदस्य बन गए और इसका नाम तो बिम्सटेक ही रहा, लेकिन उसे अब 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन' के नाम से जाना जाने लगा। अभी तक इसके शिखर सम्मेलन क्रमशः थाईलैंड, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका में होने के बाद 2 से 4 अप्रैल 2025 में इसका छठा शिखर सम्मेलन थाईलैंड बैंकॉक में आयोजित हुआ।

गौरतलब है कि भारत के पड़ोसी देशों का एक संगठन सार्क है। सार्क यानि साऊथ एशियन एसोसिएशन फॉर रिजनल कोऑपरेशन, दक्षिण एशिया के देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालद्वीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका, कुल सात देशों का संगठन के रूप में 1985 में बना। 2007 में इसमें अफगानिस्तान शामिल हुआ। सार्क के 9 पर्यवेक्षक देश भी हैं, जिसमें यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान और चीन भी शामिल हैं। सार्क देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए साऊथ एशियन प्रफ्रेंशिएल ट्रेड एग्रीमेंट, यानी साप्टा; और साऊथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया, यानी साफ्टा नाम के दो समझौते क्रमशः 1995 और 2004 में हुए। इन समझौतों का उद्देश्य इस क्षेत्र में लोगों की भलाई के लिए व्यापार और विकास को बढ़ावा देना था। शुरूआती दौर से ही सार्क में कुछ विवाद रहा, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध छोटे देशों को भड़का कर उसे बदनाम करने का काम करना शुरू कर दिया था। पाकिस्तान के इस रुख को देखते हुए 1992 से शुरू 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत बिम्सटेक को बढ़ावा देने का काम शुरू किया। 1997 में इंडियन ओसिएन रिम एसोसिएशन, वर्ष 2000 में मैकाँग गंगा कोऑपरेशन और 2015 में बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट करते हुए बिम्सटेक को मजबूत करने का काम किया। गौरतलब है कि भारत के सार्क से विमुख होने के बाद सार्क का महत्व ही समाप्त हो गया और पिछले 10 सालों




से भी ज्यादा समय से इसका एक भी शिखर सम्मेलन नहीं हुआ। गौरतलब है कि बिम्सटेक में शामिल भारत के पड़ोसी या समीपवर्ती सातों देश विकासशील देश हैं। इन देशों में आर्थिक और जनसंख्या के नाते सबसे बड़ा देश भारत है। आज जब दुनियाभर के देशों के बीच विभिन्न प्रकार के अवरोध और असमंजस बढ़ रहे हैं, भारत की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत इस क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग संगठन का महत्व और बढ़ जाता है। भारत ने पिछले एक दशक में जो तकनीकी और आर्थिक प्रगति की है, इस क्षेत्र के लोग उससे प्रभावित हैं। कनेक्टिविटी का मामला हो या डिजिटाइजेशन की बात हो, अथवा अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग का मामला, भारत आज इस स्थिति में है कि इस क्षेत्र के देशों को मदद कर सके।

भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिम्सटेक के छठे शिखर सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतू बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक के एजेंडा और क्षमता को और मजबूत करने हेतु आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक में संस्थान और क्षमता निर्माण की दिशा में भारत के नेतृत्व में कई पहलों की घोषणा भी की। इनमें आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना शामिल है। उन्होंने युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एक नए कार्यक्रम की भी घोषणा की, जिसके तहत पेशेवरों, छात्रों, शोधकर्ताओं, राजनयिकों और अन्य लोगों को प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में क्षेत्रीय आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए भारत द्वारा एक पायलट अध्ययन और क्षेत्र में कैंसर देखभाल के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की भी पेशकश की। अधिक क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना और भारत में हर साल बिम्सटेक बिजनेस समिट आयोजित करने की भी पेशकश की। क्षेत्र को एक साथ लाने वाले ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई पहलों की घोषणा की। भारत इस वर्ष बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट की मेजबानी करेगा और 2027 में जब समूह अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब पहले बिम्सटेक खेलों की मेजबानी भी भारत करेगा। यह पारंपरिक संगीत महोत्सव की मेजबानी भी करेगा।

अब, जबकि पाकिस्तान के नकारात्मक रवैये के कारण सार्क मृतप्राय हो चुका है, और बिम्सटेक नए क्षेत्रीय समूह के रूप में उभरा है, जिसमें भारत एक प्रमुख शक्ति है, जहां विभिन्न देश अंतरिक्ष क्षेत्र और अन्य में सहयोग के लिए भारत की ओर देख रहे हैं, यह भारत को अपना प्रभाव बढ़ाने का एक नया अवसर देता है, जहां चीन हावी होने की कोशिश कर रहा है। श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों की प्रधानमंत्री की यात्रा संकेत है कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ सहयोग विकसित करने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इसका भू-राजनीतिक महत्व भी है। चीन भी अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट, बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना, खेल आयोजन और ऐसे अन्य उपायों के रूप में बिम्सटेक देशों के साथ नियमित बातचीत, क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह




# विकास की रफ्तार बढ़ाने वाली होगी मौद्रिक समीक्षा

भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को की गई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। महंगाई की वजह से यह कटौती 5 सालों के बाद की गई थी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस कटौती से क्रेडिट ग्रोथ में आंशिक तेजी देखी गई और आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है, जिससे 7 से 9 अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का दबाव बना हुआ है। हालांकि, अभी भी वैश्विक नीतियों में बदलाव, जैसे अमेरिका द्वारा भारत और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने, संरक्षणवाद, नीतिगत ब्याज दरों के संदर्भ में अमेरिका के फेडरल रिजर्व बैंक के रुख आदि के कारण बाजार में अस्थिरता बनी हुई है, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था की स्थिति वैश्विक अर्थव्यवस्था से इतर है, इसलिए जरूरी है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) घरेलू स्थितियों के अनुरूप मौद्रिक समीक्षा में निर्णय ले। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षों से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर फरवरी 2025 में घटकर 3.61 प्रतिशत के स्तर पर आ गई,जो जनवरी महीने में 4.31 प्रतिशत के स्तर पर थी। अभी महंगाई पिछले 6 महीनों में सबसे कम है। महंगाई के स्तर में गिरावट का मूल कारण खाद्य पदार्थों की कीमत में कमी आना है। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग भी घट जाती है। फिर, विविध उत्पादों की बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, इससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं और विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना सही होगा कि महंगाई में कमी आने से ही विकास की गाड़ी तेज गति से आगे बढ़ सकती है। विगत दो तिमाहियों में जीडीपी की धीमी गति को देखते हुए, सरकार के लिए विकास को बढ़ावा देना जरूरी है, इसलिए बजट में भी निवेश, बचत और खपत को बढ़ाने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इनमें तेजी लाकर ही आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाई जा सकती है और विकास को रफ्तार दी जा सकती है। दूसरी तरफ, विगत 6 महीनों से महंगाई दर में गिरावट दर्ज की जा रही है, इसलिए, केंद्रीय बैंक के लिए 9 अप्रैल को नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती करने का फैसला लेने में मुश्किल नहीं आएंगी। पिछले दो सालों में 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच की ऋण वृद्धि रहने के बाद समग्र क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धीमी हो रही थी। दिसंबर 2024 में क्रेडिट ग्रोथ घटकर 11.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जिसका सबसे बड़ा कारण उधारी दर का महंगा होना था। दरअसल, बैंकों के पास सस्ती पूंजी उपलब्ध नहीं है। पहले निवेशक अपनी जमा पूंजी बैंक में रखते थे, लेकिन आज अधिक प्रतिफल मिलने की आशा में वे शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड,सोना, बांड्स आदि में निवेश कर रहे हैं, जिससे बैंकों के समक्ष पूंजी की कमी हो गई है। मौजूदा समय में ग्राहक अपने पैसे जमा करने से परहेज कर रहे हैं। ऐसी विपरीत स्थिति में बैंकों के समक्ष सस्ती पूंजी का स्रोत केंद्रीय बैंक है। जब नीतिगत दरों में कटौती की जाएगी तो बैंकों को रिजर्व बैंक सस्ती दर ऋण देगा, जिसे वे पुनः जरूरतमंदों को सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे। फिलहाल, बैंक महंगी दर पर ऋण देने के लिए मजबूर हैं और महंगी दर पर ऋण उपलब्ध होने के कारण आमजन और कारोबारी ऋण लेने से बच रहे हैं। इस वजह से,कंपनियों के पास पूंजी की कमी है, परिणाम स्वरूप आर्थिक गतिविधियां बाधित हुई हैं और विकास को रफ्तार नहीं मिल पा रही है। विश्लेषण से साफ़ है, एमपीसी 9 अप्रैल को मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की सिफारिश कर सकती है, ताकि बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिले, और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकें. इससे आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आएगी साथ ही साथ खपत में इजाफा होगा एवं आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

((लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मनुष्य इंद्रिय विषयों में आनंद अनुभव करता है



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

## ईर्ष्यालु व्यक्ति, किसी को सुखी नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी देखकर सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

अंतर्मन






## आज की पाती

### एआई से नई नौकरियां भी पैदा होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने पेरिस के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मैं एआई के सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां गया था। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की। असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी। - *संदीप देशमुख, भाटापारा*

करंट अफेयर

## अमेरिका में तीन दशक बाद खसरे की बड़ी लहर


पिछले करीब तीन दशक में खसरे की सबसे बड़ी लहर से जूझ रहे अमेरिका के टेक्सास में इस बीमारी की चपेट में आने से एक अन्य बच्चे की मौत हो गई। इस बच्चे को भी खसरे से बचाव का टीका नहीं लगा था। ल्यूबॉक स्थित प्रमुख क्षेत्रीय अस्पताल और शिक्षण संस्थान 'यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (यूएमसी) हेल्थ सिस्टम' ने बताया कि अस्पताल में भर्ती एक स्कूली छात्र की खसरे के कारण मौत हो गई। बच्चे को इससे पहले कोई अन्य बीमारी नहीं थी। इससे पहले, फरवरी में टेक्सास में एक बच्चे तथा मार्च के प्रारम्भ में न्यू मैक्सिको में एक वयस्क की इस बीमारी के कारण मौत हो गई थी। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस वर्ष 21 राज्यों में खसरे के 607 मामले सामने आने की पुष्टि की है। यह संख्या 2023 की कुल संख्या के दोगुने से भी अधिक है। टेक्सास में 481 मामले सामने आए हैं, जो पिछले कुछ दशकों में राज्य स्तर पर सबसे अधिक मामले है। 'बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन' के प्रमुख टीकाकरण विशेषज्ञ डॉ. पीटर होटेज ने कहा, 'यदि मामले इसी तरह बढ़ते रहे तो हम 2019 के प्रकोप को भी पीछे छोड़ देंगे और यह लगभग पिछले 30 साल में सबसे खराब स्थिति है। दुखद बात यह है कि इन लोगों की मौत को पूरी तरह से रोका जा सकता था।'



ऑफ बीट

## सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी

व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को 'सप्ताहांत योद्धा' कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।



ट्रेंड

### प्रतिबद्धता की पुष्टि करें



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, आइए हम स्वस्थ दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी और विभिन्न पहलुओं में निवेश करती रहेगी। अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सभी वैज्ञानिकों को धन्यवाद




वर्ष 2000 से, वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर में 40% की कमी आई है। यह स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के कारण है। इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, हम सभी वैज्ञानिकों सरकारों को धन्यवाद देते हैं जो माताओ शिशुओं को उम्मीद भरा भविष्य प्रदान कर रहे हैं।
-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### जले पर नमक छिड़का



मई 2014 के मुक़ाबले अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की क़ीमत में 41% की गिरावट आई है, पर केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है। इससे निवेशकों का एक झटके में 19 लाख करोड़ स्वाहा होने से चैन नहीं मिला होगा, इसलिए सरकार जले पर नमक छिड़कने आ गई। -मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### देश को उलझा रखा



भक्तों बताओ शेयर मार्केट में कितने मुसलमानों का पैसा डूबा? 5 महीने में देश के लोगों का 94 लाख करोड़ डूब गया। अब 5 मिनट में 19 लाख करोड़ डूब गया। देश आर्थिक बर्बादी झेल रहा है, लेकिन मोदी ने देश को वक़्फ़, कब्र में उलझा रखा है।
-संजय सिंह, आप नेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## सुरंगों का पता लगाने व नष्ट करने के लिए किया जाएगा इस्तेमाल

# सीमा की रक्षा के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात की जा रही : अमित शाह

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार देश की सीमाओं की रक्षा के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात कर रही है और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ को विफल करने के लिए सीमा के आसपास सुरंगों का पता लगाने एवं उन्हें नष्ट करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा। कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा चौकी विनय के दौरे के दौरान बीएसएफ कर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने बल के योगदान की सराहना की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''हम सीमाओं पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात कर रहे हैं, जिसके दो मॉडल हैं...अगर कुछ भी होता है (दुश्मन की तरफ से), तो आप तुरंत जवाब दे सकेंगे।'' शाह ने कहा कि प्रौद्योगिकी से सुगमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। गृह मंत्री ने कहा, ''साथ ही भूमिगत सुरंगों की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए तकनीकी साधन भी अपनाए जाएंगे।'' उन्होंने पूरे वर्ष सीमाओं की रक्षा करने में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समर्पण और निष्ठा की सराहना की।

**जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं गृह मंत्री अमित शाह**

**हमारी सेना दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब दे रही**



**सुरक्षा कड़ी की जाएगी**

### बीएसएफ का इतिहास उज्ज्वल

उन्होंने कहा कि ''असली चुनौती तभी समझ में आती है जब कोई उस स्थान का दौरा करता है।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''ठंड, बारिश या भीषण गर्मी में जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है, तो आप दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हुए अग्रिम चौकियों पर 365 दिन और 24 घंटे तैनात रहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''बीएसएफ का इतिहास उज्ज्वल है और पूरा देश राष्ट्र की रक्षा में उनकी भूमिका जानता है।'' शाह ने कहा कि पाकिस्तान के साथ पिछले युद्धों में बीएसएफ का योगदान सेना के समान ही था।

### कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अग्रिम चौकी का किया दौरा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर केंद्रशासित प्रदेश आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ की अग्रिम चौकी का सोमवार को दौरा किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कठुआ में पिछले एक पखवाड़े से पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ व्यापक अभियान जारी है। शाह दोपहर में जम्मू से कठुआ के हीरानगर सेक्टर के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए और बाद में उन्हें बीएसएफ की चौकी 'विनय' ले जाया गया ताकि वह जमीनी हालात का जायजा ले सकें। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, बीएसएफ में जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक शशांक आनंद और जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गृह मंत्री की अगवानी की।


### देहरादून-शिमला बाईपास पर हादसा, 3 की मौत

**शिमला।** उत्तराखंड में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां पर एक तेज रफ्तार बस लोडर गाड़ी से टकरा गई, जिसमें तीन बच्चों की मौत हो गई है। वहीं एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हैं। यह हादसा देहरादून-शिमला बायपास रोड पर हुआ है। जैसे ही लोडर ने बस को टक्कर मारी, तुरंत बस पलट गई। यह बस आईएसबीटी से विकासनगर जा रही थी।

## खबर संक्षेप

### कामरा की हाईकोर्ट से जमानत अवधि बढ़ी

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने सोमवारको मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को



गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम सुरक्षा 17 अप्रैल तक बढ़ा दी। यह सुरक्षा मुंबई में खार पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले के संबंध में थी, जिसमें कथित तौर पर 'नया भारत' नाम के अपने हालिया कॉमेडी शो के दौरान महाराष्ट्र के राजनेता पर गलत टिप्पणी की थी।

### आसाराम को 30 जून तक अंतरिम जमानत

**जयपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में



उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी।

# आरक्षण पर 50 फीसदी सीमा को ध्वस्त कर देंगे : राहुल

**बेगुसराय।** बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव का आयोजन किया जाना है। इस कारण भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने बिहार में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी पटना पहुंचे। राहुल ने बेगुसराय में एनएसयूआई की 'पलायन रोको और नौकरी दो' यात्रा में भाग लिया और पटना में कार्यक्रम को भी संबोधित किया। राहुल ने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा की 'फर्जी बाधा' को ध्वस्त कर देगी।



**कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े :** बिहार प्रदेश कार्यालय में सोमवार को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। पटना के सदाकत आश्रम में राहुल गांधी जिला अध्यक्षों और नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक कर रहे थे। उसी दौरान बाहर कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं के बीच तू-तू-मैं-मैं हो गई। इससे नाराज पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह बैठक के बीच से बाहर निकल गए। उनके पीछे उनका समर्थक रवि रंजन जा रहा था, तभी यूथ कांग्रेस से जुड़ा असद और पूर्व विधायक टुन्ना चोर-चोर के नारे लगाने लगे। रवि रंजन ने जब विरोध किया तो उसको दौड़ा दिया। टुन्ना ने उसे पटक दिया और लात-घूंसे से पीटने लगे।

## सुप्रीम फैसले के बाद टीचर्स से मिलीं ममता

# जब तक मैं 'जिंदा' हूं, आपकी नौकरी कोई नहीं छीन सकता

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने



- मुझे जेल भी हो तो परवाह नहीं

सोमवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में बर्खास्त किए गए टीचर्स से मुलाकात की है। आप यह न समझें कि हमने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं ,ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है पर मुझे परवाह नहीं है। आपकी नौकरी कोई नहीं छीन सकता।

### बंगाल को निशाना बनाया जा रहा

एजुकेशन सिस्टम को बर्बाद करने का किसी को अधिकार नहीं है। भाजपा शासित मध्य प्रदेश में व्यापम मामले में इतने लोग मारे गए। उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला। नीट में कई आरोप सामने आए। सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द नहीं की। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? हम जानना चाहते हैं। आप बंगाल की प्रतिभा से डरे हुए हैं।

## एम्स की स्टडी आई सामने, मौतों पर लगेगी लगाम

# ब्लड टेस्ट से जान सकेंगे सर्विकल कैंसर के लक्षण

**नई दिल्ली।** देश में महिलाओं में होने वाले कैंसर के सबसे ज्यादा मामले स्तन और सर्विकल (ग्रीवा) कैंसर के होते हैं। 2023 में भारत में सर्वाइकल कैंसर के 3.4 लाख मामले आए। 36 हजार मौतें हुईं। अब एम्स के शोधकर्ताओं की एक टीम ने ब्लड सैंपल से इसका पता लगाने की तकनीक विकसित कर



ली है। एम्स के विशेषज्ञों ने बताया कि अध्ययन में पाया गया है कि हमारे खून में ऐसे सेल्स फ्री डीएनए मौजूद होते हैं, जिसका बढ़ना सर्विकल कैंसर का कारक हो सकता है। आईआरसीएच के मेडिकल लैब ऑन्कोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. मयंक सिंह का कहना है कि मरीज के खून का सैंपल लेकर लैब में ड्रापलेट डिजिटल पीसीआर जांच करके उन सेल्स फ्री डीएनए की पहचान और इस कैंसर का पता लगाने में मदद मिल सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने धमकी मामले में हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के एक आदेश में दखल देने से इनकार किया। हाईकोर्ट ने पुलिस को एक पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और राज्य के कुछ अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने पर रोक लगाई थी। आरोप था कि इन अधिकारियों ने व्यापारी को अपने परिवार की हिस्सेदारी एक निजी कंपनी को बेचने के लिए धमकाया। बेंच ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश में दखल नहीं देना चाहती। राज्य की ओर से पेश महाधिवक्ता अनुप कुमार रतन ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने व्यापारी की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच पूरी कर ली है। अब एसआईटी को अधिकार क्षेत्र वाले कोर्ट के समक्ष आरोपपत्र दाखिल करनी है।

### सीरियल डायरेक्टर ने 6 लोगों को कुचला

**कोलकाता।** बंगाली सीरियल के डायरेक्टर सिद्धांत दास और उनकी



दोस्त श्रेया बसु की गुस्साई भीड़ ने पीट दिया। उनकी कार अनियंत्रित होकर भीड़ को टक्कर मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत और 6 लोग घायल हो गए हैं। ये हादसा कोलकाता के ठाकुरपुकुर बाजार में हुई। ये शहर का सबसे ज्यादा भीड़ वाला इलाका है। इसके बाद भीड़ ने दोनों को पकड़ा और पीट दिया।

## उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर खुले क्षेत्र एवं संरक्षित संरचनाओं की ट्रैक्टर द्वारा जुताई करवाने, गोबर की खाद (Farm Yard Manure) पहुंचाने के कार्य हेतू मोहरबन्द**

**कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर खुले क्षेत्र एवं संरक्षित संरचनाओं के अन्दर ट्रैक्टर चालित अन्य यन्त्रों द्वारा निम्नलिखित कार्य कराने हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इस कार्य हेतू विस्तरित जानकारी इस प्रकार है।

| क्र. सं. | कार्य | दर (रु०/एकड) |
|---|---|---|
| 1. | खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा हैरो (harrow) से जुताई | |
| 2 | खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा कल्टीवेटर (cultivator) से जुताई | |
| 3 | खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा रूटावेटर (rotavator) से जुताई | |
| 4 | खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा बैड (1.2 mtr. Width, 15cm height) बनाना | |
| 5 | खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर द्वारा सुहागा लगाना | |
| 6 | खुले एवं संरक्षित संरचनाओं के अंदर ट्रैक्टर चालित लेजर लेवलर द्वारा समतलीकरण का कार्य कराना | |
| 7 | गोबर खाद (FYM) ट्रैक्टर ट्रोली (20 कु०/ ट्रॉली) द्वारा 5-10 कि.मी. दूरी से केन्द्र पर पहुंचाना | |
| 8 | गोबर खाद (FYM) ट्रैक्टर ट्रोली (20 कु०/ ट्रॉली) द्वारा 10-20 कि.मी. दूरी से केन्द्र पर पहुंचाना | |
| 9 | ट्रैक्टर चालित स्प्रे पम्प द्वारा स्प्रे करने का कार्य | |

कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 10.04.2025 सांय 3 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा आंकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द,
पीआरडीएच-1149/11/798/2025/33648/88/6 दि. 07.04.25 मुनीमपुर, झज्जर

## MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)

**PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE**

| Sr. NO. | e-Published Date | Closing | Opening Date | Title and Ref.No./Tender ID | Organisation Chain |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03-Apr-2025 03:00 PM | 11-Apr-2025 12:00 PM | 11-Apr-2025 02:00 PM | [Estimate for Road Sweeping in MC Uchana for 24 Months.] [04/2025/MCU/ROAD SWEEPING] [2025_HRY_438242_1] | Haryana Government\|\|Urban Local Bodies\|\|MC Uchana |

Sd/- Secretary, MC Uchana

## हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO.83/CWD-2/VOL-XVIII/HVPN/ 2024-25 DATED:-07/03/2025(ONLINE TENDERIDNO. 2025_HBC_432200_1) | बोली खुलने की तिथि 04.04.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 16.04.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां और ठेकेदार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO.90/CWD-2/VOL-XVIII/HVPN/ 2024-25 DATED:-19/03/2025(ONLINE TENDERIDNO. 2025_HBC_434724_1) | बोली खुलने की तिथि 04.04.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 11.04.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां और ठेकेदार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT NO.79/CWD-2/VOL-XVIII/HVPN/ 2024-25 DATED:-25/02/2025(ONLINE TENDERIDNO. 2025_HBC_430641_1) | बोली खुलने की तिथि 04.04.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 16.04.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां और ठेकेदार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | NITNO.25/AMB/220KVTEPLA/2024-25 2025_HBC_435997_1 | निविदा 02.04.2025 को खोली जानी थी। न्यूनतम बोलीदाता प्राप्त न होने के कारण अर्थात 3 अदद बोलीदाता अब बोली जमा की तिथि 08.04.2025 को 18:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | QDPNO.1475 NITNO.1355 DATED27.02.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 11.04.2025 को 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | QDPNO.1476 NITNO.1356 DATED27.02.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 11.04.2025 को 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/120/33660/I/88/6 दि. 07.04.25

## विज्ञापन का प्रारूप

**जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल भवन परिसर, निकट रेडक्रॉस, चिड़ियाघर रोड, भिवानी-127021 सम्पर्क सं. 01664-297352**

**पात्र पुरूष एवं महिला उम्मीदवारों से वात्सल्य मिशन के तहत स्पोर्ट पर्सन की सूचीकरण हेतु न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 और पोस्को अधिनियम 2012 की धारा 39 के तहत स्पोर्ट पर्सन के सम्बन्ध में मॉडल दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

**बंद होने की तिथि : 17.04.2025**

- **योग्यताएं**-
  - सामाजिक कार्य / समाजशास्त्र / मनोविज्ञान अथवा बाल विकास में स्नातकोत्तर उपाधि या बाल शिक्षा एवं विकास या संरक्षण मुद्दों में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाला स्नातक।
  - बाल घर और शेल्टर होम सहित बालकों को रखने के उत्तरदायित्वों से जुड़ा अधिकारी स्पोर्ट पर्सन के रूप में आवेदन करने का पात्र होगा। यदि वह अपनी ड्यूटी के अतिरिक्त अन्य कार्य करेगा तो नियमों के अनुसार उसे वहीं वेतन दिया जाएगा।
- **आयु**- 25 से 42 वर्ष
- **न्यूनतम वेतन**- न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत उच्च कुशल श्रमिक के लिए निर्धारित राशि के अनुसार 600 रुपए प्रतिदिन।
- **यात्रा भत्ता** :- स्पोर्ट पर्सन को वास्तविक सामान्य बस/ट्रेन किराया के अनुसार प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। स्वयं के वाहन/निजी टैक्सी/वाहन द्वारा यात्रा के लिए 9/- प्रति किलोमीटर लेकिन सीडब्ल्यूसी द्वारा विधिवत सत्यापित बिल प्रस्तुत करने पर एक दिन में अधिकतम 25 किमी.
- **प्रति माह यात्राओं की संख्या** :- वह प्रतिदिन कई यात्राएं कर सकता है लेकिन प्रतिदिन की दर से वेतन मिलेगा और अधिकतम 20 दिनों के लिए वेतन दिया जा सकता है।
- **स्पोर्ट पर्सन की संख्या**

| क्रमांक | स्पोर्ट पर्सन की कुल संख्या जोकि जिला भिवानी में सूचीबद्ध की जाएगी | महिलाओं के लिए आरक्षित | पुरूषों के लिए आरक्षित |
|---|---|---|---|
| 1 | 04 | 03 | 01 |

- **शर्तें** :- स्पोर्ट पर्सन की नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी जिसकी समीक्षा डीसीपीओ जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा की जाएगी और चयन समिति की सिफारिश के आधार पर वार्षिक आधार पर तीन साल से आगे बढ़ाया जाएगा। यदि स्पोर्ट पर्सन समय पर रिपोर्ट नहीं करता है अथवा गलत रिपोर्टिंग करता है तो उसे कार्यकाल के दौरान बिना किसी नोटिस के कभी भी हटाया जा सकता है।
- **शपथ-पत्र** : प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित बिंदुओं के साथ हलफनामा प्रस्तुत करना होगा :
  1. उसका कोई पिछला दोषसिद्ध रिकॉर्ड नहीं है।
  2. वह किसी भी अनैतिक कार्य या बाल शोषण या बाल श्रम के रोजगार में शामिल नहीं रहा है।
  3. किसी भी एजेंसी/न्यायालय में उसके खिलाफ कोई जांच लंबित नहीं है
  4. आवेदक बाल अधिकारों या मानवाधिकारों के उल्लंघन का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं दिखाता है।
  5. उसको हरियाणा का मूल निवासी होना चाहिए
  6. उसे जिले का निवासी होना चाहिए।
- **साक्षात्कार** : सभी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को चयन समिति द्वारा आयोजित व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

**उपरोक्त पद के लिए नियम व शर्तें निम्नानुसार है** :-

1. निर्धारित आवश्यक योग्यता किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं देती है। विभाग चयन समिति द्वारा अपनाए जाने वाले तर्कसंगत मानदंड के आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट कर सकता है। आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, अभ्यर्थी की पात्रता/उपयुक्तता तथा चयन के मानदंड आदि से संबंधित सभी मामलों में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा तथा अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. उक्त पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आवेदन की अंतिम तिथि तक सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। यदि साक्षात्कार या नियुक्ति से पहले या बाद में किसी भी समय सत्यापन में यह पाया जाता है कि वे पात्रता की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करते हैं या यह पाया जाता है कि दी गई जानकारी झूठी या गलत है तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद ही अनुभव पर विचार किया जाएगा।
3. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज :-
   1. आवेदन पत्र पर विधिवत सत्यापित और चिपकाई गई एक पासपोर्ट आकार की फोटो।
   2. कक्षा 10वीं की मार्कशीट की स्व-सत्यापित प्रति
   3. कक्षा 12वीं की मार्कशीट की स्व-सत्यापित प्रति
   4. ग्रेजुएशन की मार्कशीट और डिग्री की स्व-सत्यापित प्रति
   5. पोस्ट ग्रेजुएशन की मार्कशीट की स्व-सत्यापित प्रति
   6. आधार कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति।
   7. हरियाणा के निवास प्रमाण पत्र की प्रति।
   8. अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति (सीरियल नंबर, तारीख और हस्ताक्षर और जारी करने वाले प्राधिकारी की मुहर के साथ)।
   9. उपरोक्त सभी 6 बिंदुओं के साथ मूल रूप से शपथ पत्र और नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित।
4. आवेदन पत्र सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा, यदि :
   - यदि आवेदन पत्र अहस्ताक्षरित/अधूरा है
   - आवेदन पत्र को आवेदन विभाग में अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होता है। डाक में किसी भी देरी के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।
   - उम्मीदवार के पास कटऑफ तिथि को अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता/अनुभव नहीं है।

उपरोक्त प्रारूप के अनुसार विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ सत्यापित करके 17.04.2025 तक केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यालय में दिए गए पते जिला बाल संरक्षण कार्यालय, बाल भवन परिसर, रेड क्रॉस के पास, चिड़ियाघर रोड, भिवानी 127021, संपर्क नंबर 01664-297352 पर पहुंच जाने चाहिए। 17.04.2025 के बाद कार्यालय में प्राप्त किसी भी दस्ती आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही उस पर विचार किया जाएगा। अधिक जानकारी और आवेदन पत्र के लिए आप जिला प्रशासन भिवानी की आधिकारिक वेबसाइट यानी **Bhiwani.nic.in** पर जा सकते हैं।

**नोट:- वॉक इन इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई टीए-डीए स्वीकार्य नहीं होगा।**

**हस्ता/- जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास, भिवानी**

**.................................................. के पद हेतु आवेदन प्रपत्र**

i. पद का नाम :-
ii. उम्मीदवार का नाम :
iii. पिता / पति का नाम :
iv. स्थायी पता :
v. पत्राचार का पता :
vi. मोबाइल नम्बर :
vii. ई-मेल आईडी :
viii. जन्म तिथि (हाई स्कूल के प्रमाण-पत्र के अनुसार) :
ix. आज की तिथि में वर्तमान आयु (YY-MM-DD) :
x. शैक्षणिक योग्यताएं :

पासपोर्ट साइज फोटो

| क्र. सं. | विषय सहित शिक्षा (मैट्रिकुलेशन से आगे) | स्कूल / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्त अंक | कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

ix. अनुभव

| क्र. सं. | संस्थान का नाम | पद का नाम | अवधि (से तक) | कुल अवधि (वर्ष, महीने और दिन) | | | जॉब का उत्तरदायित्व | लिया गया अन्तिम वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ष | महीने | दिन | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

घोषणा :- ''मै एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे दिये गये उपरोक्त सभी बयान मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य व पूर्ण है और यदि किसी भी समय गलत पाये जाते हैं, तो उसका मैं उत्तरदायी रहूंगा और नियुक्ति अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरी सेवाओं को बर्खास्त और कोई अन्य उचित कार्यवाही कर सकता है।''

स्थान :
दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर
टिप्पणी :
* आवेदकों के लिए सभी मूल दस्तावेज और मूल दस्तावेजों की छायाप्रतियों का एक सैट साथ लाना आवश्यक होगा जो वह जमा करवाना चाहता है।
* सभी कॉलम भरने आवश्यक है।

पीआरडीएच-1128/11/494/2026/33659/88/6 दि. 07.04.25

## दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान मकतूम आज से भारत दौरे पर

# पीएम मोदी करेंगे स्वागत, दोनों देशों के बीच और गहरी होगी दोस्ती व्यापारिक, सांस्कृतिक और आपसी संबंधों को लेकर होगी चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से दो दिन के भारत दौरे पर आ रहे हैं। भारत में यह उनका पहला आधिकारिक दौरा होगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को दी। प्रिंस हमदान न सिर्फ दुबई के युवराज हैं, बल्कि वे यूएई के उप पीएम और रक्षा मंत्री भी हैं। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को शेख हमदान के सम्मान में एक विशेष लंच आयोजित करेंगे। इसके अलावा, क्राउन प्रिंस की विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात होगी। प्रिंस दिल्ली के बाद मुंबई भी जाएंगे, जहां वे भारत और यूएई के प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ एक व्यापारिक बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य भारत और दुबई के बीच व्यापारिक रिश्तों खासकर पारंपरिक और भविष्य की तकनीकों से जुड़े क्षेत्रों को और मजबूत करना है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी करेंगे मुलाकात

कई मंत्री वरिष्ठ अधिकारी और बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी साथ रहेगा



### विदेश मंत्री ने दिया था न्योता

वहीं विदेश मंत्रालय ने कहा कि दुबई का भारत के साथ व्यापार, संस्कृति और लोगों के आपसी संबंधों में अहम योगदान रहा है। यूएई में रहने वाले करीब 43 लाख भारतीयों में से बड़ी संख्या दुबई में रहती है और काम करती है। गौरतलब है कि विदेश मंत्री जयशंकर ने इस साल 27-29 जनवरी को यूएई दौरे के दौरान क्राउन प्रिंस को भारत आने का न्योता दिया था। उस मुलाकात को भी दोनों देशों के बीच दोस्ती को और मजबूत करने वाला बताया गया था।

## केंद्रीय वित्त मंत्री आज से यूके और ऑस्ट्रिया दौरे पर



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 8 से 13 अप्रैल तक यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी, जहां वह मंत्री-स्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगी। वे यूके-ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों और बिजनेस लीडर्स के साथ बातचीत करेंगी। वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार, वित्त मंत्री भारत-यूके आर्थिक और वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी जो 9 अप्रैल को लंदन में आयोजित होने वाला है। इसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और यूके के चांसलर ऑफ द एक्सचेकर करेंगे।

### भारत में निवेश के लिए कराएंगी अवगत

ऑस्ट्रियाई चरण के दौरान, वित्त मंत्री सीतारमण, वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर और चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर सहित ऑस्ट्रियाई सरकार के वरिष्ठ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वित्त मंत्री सीतारमण और ऑस्ट्रिया के अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और पर्यटन मंत्री वोल्फगैंग हैटमैन्सडॉर्फर प्रमुख ऑस्ट्रियाई सीईओ के साथ एक सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे, जिसमें उन्हें दोनों देशों के बीच गहन निवेश सहयोग के लिए भारत में मौजूदा और आगामी अवसरों से अवगत कराया जाएगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल पहुंचीं, समकक्ष से की वार्ता



लिस्बन(भाषा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाकिया की अपनी राजकीय यात्रा के पहले चरण में सोमवार सुबह लिस्बन पहुंचीं। उनका स्वागत पुर्तगाली समकक्ष मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने किया। उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुर्मू ने अपने समकक्ष के साथ वार्ता की। वह पीएम लुइस और संसद के अध्यक्ष जोस से भी मिलीं। वहीं मुर्मू और उनके पुर्तगाली समकक्ष ने संयुक्त रूप से विशेष स्मृति टिकट जारी किए।

### 9 से 10 अप्रैल तक स्लोवाकिया रहेंगी

9 से 10 अप्रैल तक राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी के निमंत्रण पर स्लोवाकिया का दौरा करेंगी। यह 29 वर्षों में भारत के राष्ट्रपति की पहली स्लोवाकिया यात्रा होगी। स्लोवाकिया में वे राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी और पीएम रॉबर्ट फिको के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। राष्ट्रपति की यह राजकीय यात्रा भारत, पुर्तगाल और स्लोवाकिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत और व्यापक बनाने का अवसर प्रदान करेगी और भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों को भी मजबूत करेगी।

## खबर संक्षेप

### सौरभ हत्याकांड: मुख्य आरोपी मुस्कान गर्भवती

**मेरठ (भाषा)।** मेरठ के जिला कारागार में निरुद्ध सौरभ राजपूत हत्याकांड की मुख्य आरोपी मुस्कान रस्तोगी के गर्भवती होने की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अशोक कटारिया ने बताया कि मुस्कान का प्रारंभिक परीक्षण कराया गया, जिसमें उसकी गर्भावस्था की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि अब अल्ट्रासाउंड जांच की जाएगी, जिससे गर्भ की स्थिति और अवधि स्पष्ट हो सकेगी।इस संबंध में वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने कहा कि उनके पास अभी तक डॉक्टरों की रिपोर्ट नहीं आई है। शर्मा ने कहा कि मुस्कान गर्भवती है ।

### इजराइल का गाजा के 50% हिस्से पर कब्जा

**तेल अवीव।** हमास के खिलाफ पिछले महीने युद्ध फिर से शुरू करने के बाद से इजराइल ने गाजा पट्टी में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है और अब वहां 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र उसके नियंत्रण में है। इजराइली सैनिकों और अधिकार समूहों ने बताया कि सेना द्वारा नियंत्रित सबसे बड़ा निकटवर्ती क्षेत्र गाजा सीमा के आसपास है, जहां सेना ने फिलिस्तीनी मकानों, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे को इस हद तक तबाह कर दिया है।

## यूके के पीएम, ईयू अध्यक्ष और जर्मन चांसलर ने बात की, स्टार्मर बोले

# यह वैश्विक अर्थव्यवस्था का नया युग

एजेंसी ▶▶ लंदन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को कई देशों पर जवाबी टैरिफ लगाया है। यह टैरिफ नौ अप्रैल से लागू होने जा रहे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने जवाबी टैरिफ को लेकर निराशा जाहिर की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को कई देशों पर जवाबी टैरिफ लगाया है। यह टैरिफ नौ अप्रैल से लागू होने जा रहे हैं। इसे लेकर यूके के पीएम, ईयू अध्यक्ष और जर्मन चांसलर ने बात की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लगाने के बाद यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज समेत दुनिया भर के नेताओं से बात की है। कीर स्टार्मर ने टैरिफ को लेकर कहा कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए नया युग है।

डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से जारी बयान में कहा गया कि पीएम स्टार्मर ने यूरोपीय संघ की अध्यक्ष लेयेन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, जर्मन क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन पार्टी के नेता फ्रेडरिक मर्ज समेत कई वैश्विक नेताओं से बात की है। अमेरिका के जवाबी टैरिफ, रक्षा और सुरक्षा के मुद्दे पर बातचीत के दौरान उन्होंने सहमति जताई कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक नया युग है। यूरोप को इसका सामना करने के लिए खड़ा होना चाहिए।



### यूरोपीय यूनियन की अमेरिका पर जीरो टैरिफ की पेशकश

दूसरी तरफ, यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सोमवार को कहा कि यूरोपीय यूनियन (ईयू) अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है। ईयू ने अमेरिका को इंडस्ट्रीयल प्रोडक्ट्स पर टैरिफ हटाने की पेशकश की है।

**चीन की जीडीपी पर होगा असर:** अमेरिका के चीन के निर्यात पर लगाए गए 34 प्रतिशत के नए शुल्क से चीन की जीडीपी पर दो से 2.5 प्रतिशत तक का असर पड़ सकता है, जिससे सुस्ती से जूझ रही चीनी अर्थव्यवस्था और अधिक प्रभावित होगी। निवेश बैंक मैक्वेरी के मुख्य चीन अर्थशास्त्री लैरी हू ने अनुमान लगाया है।

### ट्रंप से टैरिफ पर बात करने पहुंचे इजराइल के पीएम



**वाशिंगटन।** इजराइल और गाजा के बीच युद्ध संघर्ष विराम महज एक मजाक बनकर रह गया है। इसी बीच इजराइली के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका पहुंचे। दरअसल, नेतन्याहू के विमान ने हंगरी से अमेरिका की उड़ान के दौरान सामान्य मार्ग से करीब 400 किलोमीटर लंबा रास्ता तय किया। ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। नेतन्याहू भी इस रेसिप्रोकल टैरिफ से राहत की उम्मीद चाहते हैं। अमेरिका ने इजराइल पर 17 फीसदी टैरिफ लगाया है। टैरिफ से सारी दुनिया के बाजार पर असर दिखा।

#### अमेरिकी राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ने किया दावा

### टैरिफ पर वार्ता के लिए 50 से ज्यादा देशों ने किया संपर्क

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से नए आयात शुल्कों (टैरिफ) के एलान के बाद से पचास से ज्यादा देशों ने व्हाइट हाउस से संपर्क किया। इन देशों ने इन टैरिफ पर बातचीत की इच्छा जताई। अधिकारियों का कहना है कि यह टैरिफ वित्तीय बाजारों को प्रभावित कर सकते हैं और इससे वैश्विक व्यापारक व्यापार व्यवस्था में बदलाव आ रहा है। नई दरें बुधवार से लागू होने वाली हैं, जिससे आर्थिक अनिश्चितता का एक नया दौर शुरू होगा और इसका कोई स्पष्ट अंत भी नजर नहीं आ रहा है। ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेशेंट ने कहा कि अन्यायपूर्ण व्यापार प्रथाओं को कुछ दिनों या हफ्तों की बातचीत से दूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अमेरिका को यह देखना होगा कि दूसरे देश क्या पेशकश करते हैं और क्या यह भरोसेमंद है।

### ट्रम्प किसी भी देश पर टैरिफ को नहीं रोकेंगे: व्हाइट हाउस



ट्रम्प की चीन पर 50% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प किसी भी देश पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ को नहीं रोकेंगे। व्हाइट हाउस ने उन सभी खबरों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि ट्रम्प चीन को छोड़कर सभी देशों पर 90 दिनों तक रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने चीन को चेतावनी देते हुए कहा कि वह जवाबी शुल्क वापस ले, नहीं तो अलग से 50 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे।

#### राजधानी में सोमवार को आयोजित किए गए एक कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में बोले सीडीएस जनरल अनिल चौहान

## अंतरिक्ष के एक नए युद्धक्षेत्र के रूप में उभरने से भारत को 'अंतरिक्ष संस्कृति' की दरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को अंतरिक्ष को एक नया और उभरता हुआ युद्धक्षेत्र बताते हुए देश में अंतरिक्ष संस्कृति विकसित किए जाने पर बल दिया। वह राजधानी में आयोजित 'इंडियन डेफ स्पेस सिम्पोजियम' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने कहा कि वर्तमान में मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है, जहां अंतरिक्ष एक नया युद्धक्षेत्र बनकर उभर रहा है।

इसी के मद्देनजर अंतरिक्ष सिद्धांत, शोध और समर्पित युद्ध कौशल से जुड़े सैन्य स्कूलों के साथ अंतरिक्ष संस्कृति का विकास होना चाहिए। इन स्कूलों में अंतरिक्ष कानून जैसा विषय होना चाहिए और अंतरिक्ष कूटनीति पर एक फ्रेमवर्क की भी आवश्यकता पड़ेगी। सीडीएस ने कहाकि भविष्य में सशस्त्र सेनाओं के अंतरिक्ष युद्ध कौशल से जुड़े स्कूल होने चाहिए। इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन स्पेस एसोसिएटिड (आईएसपीए) द्वारा मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस (एमपी-इडसा) में किया गया था।



### महज एक नया स्टार्टअप बनाने जैसा नहीं: चौहान

जनरल चौहान के मुताबिक, अंतरिक्ष संस्कृति के विकास का दायरा काफी व्यापक है। जिसे लेकर आज के दौर में बेहद कम साहित्य मौजूद है। यह केवल एक नए स्टार्टअप को बनाने जैसा नहीं है।

### रक्षा मंत्रालय, बीईएल के बीच 2,385 करोड़ का करार

■ मी–17 वी5 हेलिकॉप्टरों के लिए की जाएगी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट और एयरक्राफ्ट मॉडिफिकेशन किट की खरीद

नई दिल्ली(ब्यूरो)। चुनौतीपूर्ण बने हुए क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के बीच सोमवार को कुल करीब 2 हजार 385.36 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिससे भारतीय वायुसेना की प्रतिकूल वातावरण में रणनीतिक परिचालन क्षमता में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। समझौते के तहत बीईएल से वायुसेना के मी-17वी5 हेलिकॉप्टरों पर लगाने के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट (ईडब्ल्यू) और एयरक्राफ्ट मॉडिफिकेशन किट की खरीद जाएगी। खरीद स्वदेशी आधार पर होगी।

## त्रिशक्ति नारी नाविक अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' अपनी 55 दिवसीय यात्रा पर

दल में तीनों सेनाओं की 12 महिलाएं शामिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के 12 सदस्यीय महिला चालक दल के साथ यह अभियान आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर मुंबई-सेशेल्स-मुंबई की 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण 55-दिवसीय यात्रा पर निकला। भारतीय नौसेना जलयात्रा प्रशिक्षण केंद्र, कोलाबा, मुंबई से कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश द्वारा मुंबई-सेशेल्स-मुंबई त्रिशक्ति नारी नाविक अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' 7 अप्रैल, 2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर रमेश ने कहा कि यह अग्रणी पहल नारी शक्ति की अदम्य भावना को दर्शाती है।

### 41 में से चुनी गई 12 अधिकारी



अभियान के लिए कुल 41 में से चुनी गई 12 महिला अधिकारियों को दो साल तक समुद्री नौकायन का कठोर प्रशिक्षण दिया गया है। वे समुद्र में जोखिमपूर्ण नौकायन करने के लिए तैयार हैं, जहां वे अपनी साहस और दृढ़ संकल्पता का प्रदर्शन करेंगी। चालक दल ने कई प्रशिक्षण अभियान शुरू किए हैं जिनमें वे मौसम की चुनौतियों, नौका की यांत्रिक समस्याओं और शारीरिक थकावट के बावजूद सफल हुए हैं।

### ऐतिहासिक यात्रा का समापन 30 मई को होगा

रमेश ने कहा कि मुंबई-सिशेल्स-मुंबई अभियान न केवल सशस्त्र बलों में महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि रानी वेलु नचियार, रानी दुर्गावती और रानी लक्ष्मी बाई जैसी भारत की महान योद्धा रानियों को भी श्रद्धांजलि देता है, जिनके कार्य पीढ़ियों को प्रेरित करते रहे हैं। इस ऐतिहासिक यात्रा का सफल समापन 30 मई 2025 को ध्वजारोहण समारोह के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान समुद्री प्रयासों में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह अभियान साबित करता है कि नारी शक्ति एक अजेय शक्ति है जो किसी भी चुनौती पर विजय प्राप्त करने में सक्षम है।

## कोलंबो पहुंचा सहयाद्रि युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते रविवार को प्रधानमंत्री मोदी अपनी तीन दिवसीय श्रीलंका यात्रा पूरी कर भारत लौटे। उधर, नौसेना के पूर्वी जंगी बेड़े का युद्धपोत आईएनएस सहयाद्रि कोलंबो पहुंच गया। यह अपने आप में नौसेना के क्षेत्रीय स्थिरता और भारत के मित्र राष्ट्रों के साथ नौसैन्य कूटनीति को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करता है। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन विवेक मधवाल ने सोमवार को बताया कि सहयाद्रि के श्रीलंका दौरे से दोनों देशों के बीच समुद्री संबंधों में और अधिक मजबूती देखने को मिलेगी। वर्तमान में यह युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में अपनी नियमित मिशन तैनाती पर था। उसी के तहत कोलंबो पहुंचा है। सहयाद्रि की इस कोलंबो यात्रा से दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रक्षा संबंधों की पुष्टि होती है।

■ न्यूजीलैंड की नौसेना के साथ पैसेक्स युद्धाभ्यास में शामिल हुआ तरकश



### बढ़ेगा क्षेत्रीय सहयोग: नौसेना

नौसेना ने कहा कि सहयाद्रि का श्रीलंका का ये दौरा दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर बनी हुई आपसी प्रतिबद्धता के दृष्टिकोण के मद्देनजर भी एक महत्वपूर्ण क्षण है। कोलंबो पड़ाव के दौरान भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं के कर्मी व्यावसायिक आदान-प्रदान, ज्ञानवर्धन करने वाले सत्रों में भाग लेंगे। साथ ही रणनीतिक समन्वय बढ़ाने के लिए संयुक्त गतिविधियों में शामिल होंगे। यह दोनों देशों के बीच मौजूदा भागीदारी, भारत की पड़ोस सबसे पहले और महासागर नीति के तहत सहयोग में इजाफा करने वाली साबित होगी।

## अडानी ग्रुप के कोलंबो टर्मिनल का परिचालन शुरू

**अहमदाबाद(एजेंसी)।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत परिवहन उपयोगिता, अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने कोलंबो बंदरगाह पर स्थित कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल में परिचालन शुरू करने की घोषणा की है। एक ऐतिहासिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित, सीडब्ल्यूआईटी का संचालन भारत के सबसे बड़े बंदरगाह ऑपरेटर अदानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड, प्रमुख श्रीलंकाई समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंका बंदरगाह प्राधिकरण के एक संघ द्वारा 35 साल के बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर समझौते के तहत किया जाता है। सीडब्ल्यूआईटी परियोजना 800 मिलियन अमरीकी डालर के महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करती है और इसमें 1,400 मीटर की लंबाई और 20 मीटर की गहराई है, यह कोलंबो का पहला पूर्णतः स्वचालित गहरे पानी का टर्मिनल है, जिसे कार्गो हैंडलिंग क्षमताओं को बढ़ाने, जहाजों के टर्नअराउंड समय में सुधार करने तथा दक्षिण एशिया में बंदरगाह के प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।



## बीच सड़क लड़की को गलत तरीके से छुआ

**बेंगलुर।** बेंगलुरु के एक वायरल वीडियो में युवक सड़क पर दो लड़कियों के पास जाकर उन्हें गलत तरीके से छूकर भागता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो बेंगलुरु के बीटीएम लेआउट इलाके का है। घटना 3 अप्रैल की है। सोमवार को जब कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से इस पर सवाल किया गया तो उन्होंने कह कि इस तरह की घटनाएं बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में होती रहती हैं। हालांकि उन्होंने मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही उन्होंने पुलिस को गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमवार को जी परमेश्वर से इस्तीफे की मांग की।

■ बेंगलुरु की घटना का वीडियो वायरल

## 'हरित योग' से स्वयं का और पृथ्वी का स्वास्थ्य पोषित होता है: जाधव

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव ने 'हरित योग' कार्यक्रम की शुरुआत की

*21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75 दिन की उलटी गिनती शुरू*

■ योग को पौधारोपण और स्वच्छता अभियान के साथ जोड़ा गया

भाषा ▶▶ भुवनेश्वर

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने सोमवार को 'हरित योग' कार्यक्रम की शुरुआत की और कहा कि योग का यह रूप व्यक्तिगत स्वास्थ्य और धरती की सेहत दोनों को पोषित करेगा। 'हरित योग' एक ऐसी पहल है जिसमें योग को पौधारोपण और स्वच्छता अभियान के साथ जोड़ा गया है।

जाधव ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के लिए 75 दिन की उलटी गिनती शुरू होने के मौके पर यहां योग महोत्सव-2025 का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय के तहत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) द्वारा यहां कलिंग स्टेडियम में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि हरित योग आईडीवाई 2025 के 10 प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। जाधव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रमुख कार्यक्रम के आरंभ के अवसर पर औषधीय पौधे लगाए। हरित योग पहल के बारे में उन्होंने कहा कि हमारा स्वास्थ्य हमारी धरती के स्वास्थ्य से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। जिस तरह योग हमारे मन और शरीर को पोषण देता है, उसी तरह पौधे लगाने से पृथ्वी को पोषण मिलता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित होता है।" उन्होंने कहा कि अब 170 से अधिक देशों में लोग दुनिया को भारत के उपहार के रूप में योग का जश्न मना रहे हैं। जाधव ने कहा कि यह आयोजन एक दिन के उत्सव तक सीमित नहीं रहा है। यह कई लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है। योग केवल एक जीवनशैली तक ही सीमित नहीं है, यह शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए एक निवारक उपाय भी बन गया है।'



## वाराणसी में ग्रेजुएशन की छात्रा से 7 दिन गैंगरेप

*23 लड़कों ने की दरिंदगी, वीडियो भी बनाए*

भाषा ▶▶ वाराणसी

■ होटल से हुक्काबार तक ले गए आरोपित, 6 आरोपी गिरफ्तार

वाराणसी के लालपुर पांडेपुर इलाके में 19 वर्षीय एक युवती के साथ कथित तौर पर सात दिन तक सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस सिलसिले में सात आरोपियों में से छह को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में युवती के पिता और मां की अलग-अलग दो शिकायतों के आधार पर कुल 23 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन्होंने उसके साथ दरिंदगी की। इनमें मामले में एक दर्जन आरोपी नामजद हैं। अपर पुलिस आयुक्त (छावनी) विदुष सक्सेना ने बताया कि पीड़िता 29 मार्च को कुछ युवकों के साथ कहीं गई थी। उन्होंने बताया कि पीड़िता के घर नहीं लौटने पर उसके परिजनों ने चार अप्रैल को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। सक्सेना ने बताया कि जब पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया तो उसने दुष्कर्म के बारे में कुछ नहीं बताया। पीड़िता के परिवार ने छह अप्रैल को सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि 29 मार्च से चार अप्रैल के बीच आरोपी उसे कई होटल व हुक्का बार में ले गए तथा उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया।

### यौनशोषण के बाद बच्ची की चाचा ने की हत्या

भाषा ▶▶ दुर्ग (छत्तीसगढ़)

■ मासूम नवरात्रि में कन्या पूजन के लिए गई थी, कार में छिपाई लाश

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन में गई छह वर्षीय बच्ची की कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने उसके 24 वर्षीय चाचा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में रविवार को चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी को कन्या पूजन के लिए गई बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले बच्ची के सगे चाचा को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार मोहन नगर थाना क्षेत्र की यह बच्ची रविवार सुबह लगभग नौ बजे कन्या पूजन के लिए पड़ोस में ही रहने वाली अपनी दादी के घर गई थी। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तब परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और बाद में मोहन नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस को जब बच्ची के लापता होने की जानकारी मिली तब उसकी खोजबीन शुरू की गई। तलाश के दौरान शाम लगभग साढ़े सात बजे बच्ची का शव पड़ोस में ही खड़ी एक कार से बरामद किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25